दैनिक

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

www.currentcrime.com

परशुराम जयंती की शुभकामनाएं



● नई दिल्ली। बुधवार 30 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 130 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## 'पीएम मोदी ने दी आर्मी को खुली छूट'

### कहा- जवाब कब और कैसे देना है, यह तय करने के लिए सेना स्वतंत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया।

संबंधित खबर, पृष्ठ 2

अक्षय तृतीया को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने बनाया सुरक्षा वाला प्लान

## एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बाजारों में चलाया सुरक्षा अभियान

### - घंटाघर बाजार, नवयुग मार्केट में की पुलिस बल के साथ पैदल गश्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में सुरक्षा वाला प्लान बनाया गया है। तो वही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून



व्यवस्था पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद आलोक प्रियदर्शनी ने प्रमुख बाजार घंटाघर, नवयुग मार्केट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की। साथ ही बाजारों में लगे सीसीटीवी देखे, तो वहीं सुरक्षा का हाल जाना। तो वहीं पुलिसकर्मियों को अक्षय तृतीया के अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रखने के साथ ही ज्वेलर्स शॉप के आसपास अधिक सक्रियता बरतने के निर्देश दिए हैं। वहीं कमिश्नरेट के सभी चौकी और थाना प्रभारियों को जहां पर भी ज्वेलरी शॉप है गश्त लगाने और पुलिस सुरक्षा में तैनात रहने वाले वाहनों को लगाने का निर्देश दिया गया है।

**सुबह 8 से रात 10 बजे तक फील्ड पर नजर रखेंगे पुलिसकर्मी**

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर किसी भी जोन में किसी प्रकार की आपराधिक वारदात ना हो, इसके लिए प्रत्येक जोन के डीसीपी को निर्देश दिया गया है कि थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को सुबह 8 बजे से लेकर रात 10 बजे जब तक की ज्वेलरी शॉप बंद नहीं हों उनको भ्रमणशील रखा जाए, साथ ही पैदल गश्त करवाई जाए। संदिग्धों से पूछताछ हो और वाहन चेकिंग का अभियान भी चलाया जाए ताकि किसी प्रकार की कोई वारदात ना हो। मंगलवार को एडिशनल सीपी ने एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी, एसएचओ कोतवाली अनुराग शर्मा के साथ घंटाघर बाजार, नवयुग मार्केट के साथ ही अंबेडकर रोड पर भी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना।

# गाजियाबाद के तीन पर्यटन स्थलों की बदलने जा रही है तस्वीर

# पर्यटन विकास के लिए 715.25 लाख की परियोजनाएं हुई स्वीकृत

### मुरादनगर में भगवान परशुराम मंदिर का पर्यटन विकास, मोदीनगर स्थित सीकरी महामाया मंदिर और दूधेश्वरनाथ मंदिर का होगा कायाकल्प

## पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कराया जाएगा विकास कार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ वाली सरकार ने गाजियाबाद जनपद के पर्यटन विकास के लिए 715.25 लाख रुपए तीन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इस बड़ी धनराशि से पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा गाजियाबाद में तीन धार्मिक स्थानों को पर्यटन के रूप में बदलकर तस्वीर बदली जाएगी। यहां विकास कार्य कराए जाने के साथ ही उनको आधुनिकता के रंग में रंग जाएगा और पर्यटन के लिहाज से इसे आकर्षक, सुंदर और लोग यहां आ जा सकें। इसकी पूरी प्लानिंग की जाएगी, पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इन तीनों परियोजनाओं के लिए 715 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। जल्द ही इन तीनों परियोजनाओं का काम शुरू हो जाएगा।

तो वहीं इन तीनों परियोजनाओं के शुरू होने के बाद इसमें पर्यटन के लिहाज से कई अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे ताकि लोग यहां घूमने आए और इससे सरकार को राजस्व लाभ मिले। खास बात यह है कि तीनों ही पर्यटन स्थल अलग-अलग भगवान और देवी देवताओं से जुड़े हैं। जिनका कायाकल्प किया जाना है। उत्तर प्रदेश





सरकार और उसके पर्यटन विभाग द्वारा इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद गाजियाबाद के सभी जनप्रतिनिधि भी इस फैसले से खुश नजर आ रहे हैं और वह भविष्य में इन तीनों से बड़ी संभावना जोड़कर देख रहे हैं।

### भगवान परशुराम मंदिर मुरादनगर, सीकरी महामाया मंदिर मोदीनगर और दूधेश्वरनाथ मंदिर का होगा विकास

करंट क्राइम : गाजियाबाद के तीन अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में आने वाले तीन धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसमें मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में भगवान परशुराम का मंदिर पर्यटन स्थल विकसित होना है। तो मोदी नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित सीकरी महामाया मंदिर को पर्यटन विकास के रूप में डेवलप किया जाएगा। वहीं गाजियाबाद का प्राचीन शिव मंदिर और हिंदू आस्था का बड़ा केंद्र कहे जाने वाले दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का भी पर्यटन विभाग विकास कराएगा। गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री





यहां बनारस की तर्ज पर कॉरिडोर बनवाने का काम शुरू करवा चुके हैं। तो इसका बजट भी पास हो चुका है और धीरे-धीरे काम शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि यहां जल्द ही नगर निगम के सहयोग से कॉरिडोर में आ रही दुकानों को शिफ्ट किया जाना है। तो वहीं निर्माण कार्य भी आने वाले दिनों में और तेजी से होना है।

### उत्तर प्रदेश के पर्यटन मैप पर भी आएंगे गाजियाबाद के तीनों धार्मिक स्थान

करंट क्राइम : गाजियाबाद जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों पर्यटन स्थल के लिए 715 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं को शुरू करके जहां पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। तो वहीं जल्द ही उत्तर प्रदेश के पर्यटन मैप में मुरादनगर का भगवान परशुराम मंदिर, मोदीनगर का सीकरी महामाया मंदिर और गाजियाबाद का दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि उत्तर प्रदेश और देश के अलग-अलग कोनों से आने वाले धार्मिक आस्था और सैलानी लोग यहां आ जा सकें।

# जयपुर के बाद अब बनारस-लखनऊ के लिए भी शुरू होगी हिंडन से उड़ान

### अप्रैल माह में मुरादाबाद के लिए भी शुरू हुई थी फ्लाइट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद व आसपास के लोगों को घरेलू उड़ान की आसानी और दिल्ली के बढ़ते एयर ट्रैफिक को कम करने के लिए हिंडन एयरपोर्ट को स्टार्ट किया गया था। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था और अब धीरे-धीरे यहां से अलग-अलग राज्य और शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने के बाद उनमें विस्तार मिलना शुरू हुआ है। बीते दिनों गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से जहां जयपुर के लिए फ्लाइट शुरू कर दी गई है। जिसमें बड़ी संख्या में यात्री आना और जाना शुरू हो गए हैं। तो वहीं जम्मू कश्मीर, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, गोवा और भुवनेश्वर के लिए पहले ही यहां से उड़ान चल रही थी। मई माह के लिए बनारस, मुरादाबाद व लखनऊ के लिए कई और उड़ान शुरू होने की जानकारी मिल रही है।

### अप्रैल माह में बनारस, मुरादाबाद- लखनऊ की बुकिंग हुई शुरू

करंट क्राइम : गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से लगातार घरेलू यात्राएं बढ़ रही हैं। तो हिंडन से सफर करने वालों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। अप्रैल माह के दौरान ही वाराणसी, मुरादाबाद और लखनऊ के लिए शुरू हो रही फ्लाइट्स





की बुकिंग शुरू कर दी गई है ताकि आने वाले दिनों में यहां से इन शहरों के यात्रियों को आसानी से उड़ान भरने का मौका मिल सके और यात्रियों को दिल्ली और आसपास के एयरपोर्ट ना जाना पड़े।

### मार्च में गोवा, बेंगलुरु, कोलकाता, जम्मू कश्मीर और चेन्नई के लिए शुरू हुआ था सफर

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट से लगातार अलग-अलग प्रदेशों और प्रमुख शहरों के लिए उड़ान शुरू हो गई हैं। तो लगातार हवाई सफर करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। केवल अप्रैल माह के दौरान जहां सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों से कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ान शुरू हुई थी। तो वही मार्च में ही गोवा, बेंगलुरु, कोलकाता, जम्मू कश्मीर और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के लिए उड़ान शुरू होने का लाभ दिल्ली-एनसीआर और आसपास के प्रमुख के जिलों के रहने वाले लोगों को मिलना शुरू हो गया है। उधर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों की माने तो जिस तरीके से लगातार हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से नई उड़ान शुरू हो रही हैं और अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, तो आने वाले दिनों में कई और प्रमुख शहरों के लिए भी हवाई सेवाएं शुरू की जा सकती हैं।

अग्निकांड के बाद सांसद अतुल गर्ग ने लिया संज्ञान

# कहा- व्हीकल फ्री जोन हटाने पर दिया जाएगा ध्यान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए ने आरडीसी में मॉल के बाहर वाली सड़क को व्हीकल फ्री जोन घोषित किया था और इस सड़क पर किसी भी प्रकार के वाहन के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया। तर्क ये दिया गया था कि इससे मॉल के आसपास जाम नहीं लगेगा, लेकिन ये व्हीकल फ्री



जोन जाम का कारण बन रहा है और सोमवार को जब आरडीसी में एक बड़ा अग्निकांड हुआ तो यहां इस व्हीकल फ्री जोन के कारण सबसे ज्यादा परेशानी अग्निशमन विभाग को झेलनी पड़ी। बताया जाता है कि अग्निशमन विभाग की गाड़ी को पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और यदि यहां ये व्हीकल फ्री जोन नहीं होता तो अग्निशमन की गाड़ी आसानी से यहां आती और बिल्डिंग के ऊपरी छोर पर पहले पहुंच सकती थी। सांसद अतुल गर्ग अग्निकांड के बाद इस व्हीकल फ्री जोन पर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि यदि आम जनता की सुरक्षा



को लेकर कोई खतरा हो रहा है तो फिर उसे सुविधा नहीं कहा जा सकता। सांसद ने व्हीकल फ्री जोन पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि वो जल्द ही अधिकारियों से बात करेंगे। इस क्षेत्र के व्यापारियों से बात करेंगे और इस व्हीकल फ्री जोन को जनहित में हटवाया जाएगा। अगर इससे जाम लग रहा है और किसी भी अग्निकांड के दौरान अग्निशमन विभाग ही नहीं पहुंच पा रहा है तो फिर किसी दूसरे हादसे का इंतजार नहीं किया जाएगा और इस व्हीकल फ्री जोन को खत्म कराया जाएगा।

# हर 5000 की आबादी पर तैनात होगा एक बीट कांस्टेबल

## कमिश्नर ने बनाया पूरा प्लान, जल्द सुधरेगा पुलिसिंग का काम

### - सिटी जोन में 500 से अधिक, तो ट्रांस हिंडन जोन में 650 के आसपास रहेगा बीट कांस्टेबल का आंकड़ा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गाजियाबाद में कमिश्नर पद संभालने के बाद पुलिसिंग में परिवर्तन करने के साथ ही बेहतर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा का पहरा प्रदान करने के लिए बीट पुलिसिंग को महत्वपूर्ण हथियार बनाया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत अब प्रत्येक 5000 की आबादी के ऊपर एक बीट कांस्टेबल को तैनात किया जाएगा। बीट कांस्टेबल जहां इलाके की भौगोलिक, आपराधिक और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखेगा। तो उसे ही अपराध नियंत्रण से लेकर सुरक्षा का खाका भी बनाने का काम करना होगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में 1700 से अधिक बीट कांस्टेबल चिन्हित कर तैनात किए जाएंगे। तो वहीं कई बीट कांस्टेबल की बीट बदल सकती है, तो कई बीट कांस्टेबल को नई जिम्मेदारी के तौर पर क्षेत्रफल



विस्तार किया जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट में कांस्टेबल की डिमांड के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ को लैटर लिखा जाएगा। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिक सिपाहियों की आवश्यकता पड़ेगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले कुछ माह के दौरान गाजियाबाद में 900 से अधिक पुलिस कांस्टेबल ट्रेनिंग के लिए आ रहे हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई थी ,जल्द उन्हें ट्रेनिंग पर लगाया जाएगा और ट्रेनिंग के बाद उन्हें गाजियाबाद कमिश्नरेट में ही तैनाती भी दी जाएगी।

# आज होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन

**– शहरी विकास तथा ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय जागरुक ब्राह्मण महासंघा तथा अखिल भारतीय त्यागी भूमिकार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 30 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार नेहरूनगर में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को यह जन्मोत्सव सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आज आयोजित होने वाले इस महोत्सव में शहरी विकास तथा ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय जागरुक ब्राह्मण महासंघा राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा हैं। वहीं इस कार्यक्रम के संयोजक अखिल भारतीय त्यागी भूमिकार महासंघ के केडी त्यागी हैं। वहीं इस कार्यक्रम के संयोजक महेश शर्मा हैं। आज यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल, एमएलसी दिनेश गोयल, सांसद अतुल गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल करेंगे।




# प्लान तैयार, एक्शन का इंतजार... आज 11 बजे पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होगी सीसीएस मीटिंग

## एक के बाद एक चार बैठकें करेंगे पीएम मोदी, पहलगाम के गुनहगारों पर प्रहार का तैयार होगा ब्लूप्रिंट

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली कैबिनेट बैठक

**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह 11 बजे सबसे पहले कैबिनेट सुरक्षा कमेटी (सीसीएस) की बैठक बुलाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा हो सकती है। पहलगाम हमले के बाद दूसरी बार सीसीएस की बैठक होने जा रही है।

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव गहरा गया है। भारत ने साफ कर दिया है कि आतंकियों को खात्मा किया जाएगा और दुश्मनों को सबक सिखाया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार एक्शन मोड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद सुरक्षा तैयारियों की एक-एक डिटेल्स ले रहे हैं। अब खबर है कि बुधवार को सरकार बड़े प्लान के साथ मंथन करने जा रही है। कल सिलसिलेवार चार बड़ी बैठकें होंगी। इन बैठकों में बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

बुधवार सुबह 11 बजे सबसे पहले कैबिनेट सुरक्षा कमेटी (सीसीएस) की बैठक बुलाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा हो सकती है। पहलगाम हमले के बाद दूसरी बार सीसीएस की बैठक होने जा रही है।

**कौन-कौन बैठक में हिस्सा लेगा... :** इस बैठक के बाद पीएम की अध्यक्षता में सीसीपीए की अहम होगी। इस बैठक में ढट मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, सवार्नंद सोनेवाल, राजमोहन नायडु समेत अन्य सदस्य शामिल होंगे।



बुधवार को ही तीसरी बड़ी मीटिंग कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी (सीसीईए) की होगी। उसके बाद कैबिनेट की बैठक होगी। पहलगाम हमले के बाद कैबिनेट की पहली बैठक होगी।

**बैठक में क्या चर्चा होगी... :** बैठकों में सुरक्षा तैयारियों पर मंथन होगा। भारत सरकार को आगे क्या जवाब देना है, इस पर चर्चा होगी। सुरक्षा तैयारियों पर बातचीत होगी। उसके बाद पॉलिटिकल अफेयर की मीटिंग में मंथन होगा। सिंधु जल संधि पर किस तरह आगे बढ़ना पर है, उस पर बात होगी।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में होगी सीसीएस की बैठक

**एक दिन पहले पीएम मोदी से मिले थे रक्षा मंत्री :** इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने पहले आर्मी चीफ से पहलगाम आतंकी हमले पर जानकारी ली थी, उसके बाद वे लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे और पीएम मोदी को पहलगाम मामले में अपडेट दिया था। हालांकि, बैठक से जुड़ी जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है।

**पहलगाम में क्या हुआ था... :** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला कर दिया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। करीब 17 लोग घायल हो गए थे। आतंकी बैसारन घाटी में जंगल के रास्ते आए थे और हमले के बाद भाग गए थे। उसके बाद जम्मू कश्मीर के जंगलों में बड़ा सैन्य ऑपरेशन चल रहा है। सुरक्षाबलों के दस्ते आतंकियों की तलाश में जंगल खंगाल रही हैं। हेलिकॉप्टर से लेकर ड्रोन तक से नजर रखी जा रही है।

**25 लोगों से पूछताछ:** पहलगाम आतंकी हमले की जांच एनआईए कर रही है। जांच टीम अब 25 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी हैं। इनमें पीड़ित और चश्मदीद भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैसरन घाटी में एंट्री गेट से दो आतंकी आए थे। एग्जिट गेट से एक आतंकी आया था। पहलगाम में कुल तीन आतंकियों ने कत्लेआम किया था।

## आरडीसी स्थित एडीआर रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय लोकदल की प्रेसवार्ता आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरडीसी स्थित एडीआर रेस्टोरेंट में मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल की एक प्रेस वार्ता हुई। जिसको राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने संबोधित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश से बहुत जल्द राष्ट्रीय लोकदल वार्ड और ग्राम स्तर तक सदस्यता अभियान चलाएगी।

इस अभियान को पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी (भुल्लन) ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, चौधरी तेजपाल सिंह, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, अजय पाल प्रमुख, कुंवर अय्यूब अली, रणबीर ढैया, एडवोकेट अजयवीर सिंह, रविंदर चौहान, ऑडी त्यागी, हिमांशु नागर, राखी संधू, प्रदीप त्यागी, भूपेंद्र डबास, रेखा चौधरी, देवेंद्र चौधरी, रामभरोसे लाल मोरिया, ललित सेन, जगराज बालियां, दीपक चौधरी, सतीश राठी, मनोज राठी, नरेंद्र राठी, विनोद गौतम, रजत धीमान, रवि हरित, जीतेन्द्र मोनू, नरेंद्र सिंह, विनोद गौतम, मनीष किलहोदा आदि लोग उपस्थित रहे।



इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी में आस्था रखते हुए बड़ी संख्या में अन्य दलों से आए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में तुषार बंसल, प्रेम सिंह यादव, मुनींद्र बिल्ला, आशीष मित्तल, कपिल त्यागी, मोहित कुमार, वेद प्रकाश प्रजापति, सत्येंद्र तेवतिया, सौरभ गर्ग, सुमित गुप्ता, मोहित गर्ग, हर्ष कंसल, असीमत शर्मा, डॉक्टर दिलशाद, राशिद सैफी, गजेंद्र प्रजापति, अमित चौधरी, अनुज बंसल, अंकित चौधरी, नितिन चौधरी, मोहित यादव, मोहम्मद नफीस, राशिद सैफी, हाजी सुलेमान अब्बासी, डॉक्टर गुलशद, अक्षय त्यागी, सतीश त्यागी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## वसुंधरा के मनोकामना अपार्टमेंट में क्षेत्रवासियों ने चलाया सफाई अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4ए मनोकामना अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए द्वारा कॉलोनी वासियों के सहयोग से पार्कों का सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें पतझड़ के कारण काफी संख्या में जो पत्ते नीचे गिरे हुए थे उनको साफ कर झाड़ू लगाकर पेड़ों में पानी दिया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से प्रेरित है, जो कि हमारी कॉलोनी में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर चलाया जाता है। महासचिव भारत डोर्बी ने कहा कि इस तरह के अभियान में कॉलोनी वासियों का भरपूर सहयोग मिलता है जो कि कॉलोनी की एकजुटता को दर्शाता है। इस अवसर पर महासचिव भारत डोर्बी, सतीश यादव, संतोष मिश्रा, रमेश ठाकुर, प्रदीप बहुगुणा, सुरेंद्र चौहान, विनेश त्यागी, सहदेव बहादुर, जयदेव मलिक, पवन राठी, गौरव त्यागी, हरेंद्र मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने किया 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' के अंतर्गत प्रेसवार्ता का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा आज 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन भाजपा कार्यालय, नेहरू नगर में किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरादनगर विधानसभा विधायक अजीत पाल त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे।

**वक्फ बोर्ड को लूट का साधन बनाया गया : मंत्री दानिश आजाद अंसारी**

मुख्य वक्तव्य में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम है जो वक्फ संपत्तियों की मनमानी लूट, अतिक्रमण, और पारदर्शिता की कमी जैसे वर्षों पुराने मुद्दों का समाधान करेगा। उन्होंने कहा, वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समाज की अमानत हैं, लेकिन अब तक इन्हें लूट का साधन बना लिया गया था।



**नया अधिनियम समस्याओं का समाधान लेकर आया : विधायक अजीत पाल त्यागी**

विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने वक्तव्य में कहा, वक्फ संपत्तियों का मुद्दा अब सिर्फ मुस्लिम समुदाय का नहीं, बल्कि यह संविधान के तहत हर नागरिक के संपत्ति अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और न्याय के साथ जुड़ा हुआ विषय है। कई बार गैर-मुस्लिम परिवारों की पुश्तैनी जमीनें भी जबरन वक्फ घोषित कर ली गई, जिससे सामाजिक तनाव और कानूनी विवाद बढ़े। नया अधिनियम इन सभी समस्याओं का समाधान लेकर आया है।

भाजपा सरकार ने अब इस व्यवस्था को न्यायसंगत, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने का बीड़ा उठाया है।

प्रेस वार्ता के समापन पर मंत्री दानिश अंसारी ने मीडिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी द्वारा किया गया। प्रेस वार्ता में महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, हाजी जमालुद्दीन अल्वी, भाजपा के वक्फ जनजागरण अभियान के महानगर संयोजक ललित कश्यप, अमित रंजन, डॉ. नदीम कुरैशी, विनोद कसाना, सूचित त्यागी, अल्पसंख्यक मोर्चे के महानगर अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता व विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## भाजपा महानगर ने किया वक्फ संशोधन अधिनियम पर जिला कार्यशाला का आयोजन

### संपत्तियों के संरक्षण में यह अधिनियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : मयंक गोयल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आरडीसी स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने रखी। उन्होंने कार्यशाला की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु यह अधिनियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा, वक्फ संशोधन अधिनियम ऐतिहासिक कदम : राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा, वक्फ संशोधन अधिनियम अल्पसंख्यक समुदाय की संपत्तियों की सुरक्षा और उपयोगिता को लेकर ऐतिहासिक कदम है।

पूर्व अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार एसपी सिंह ने कहा, यह अधिनियम वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। वर्षों से लंबित मुद्दों को सुलझाने का यह प्रयास स्वागत योग्य है। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा, सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग को न्याय देना : पूर्व महापौर आशा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, भाजपा सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग को न्याय देना है। वक्फ अधिनियम में संशोधन इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

कृष्ण वीर चौधरी ने कहा, पारदर्शिता और सुशासन लाना सरकार की प्राथमिकता : सहकारी बैंक चेयरमैन कृष्ण वीर चौधरी ने कहा, संपत्ति संबंधी पारदर्शिता और सुशासन लाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। वक्फ अधिनियम में संशोधन इसका प्रमाण है। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि के रूप में महेश अग्रवाल, हाजी जमालुद्दीन, रीना भाटी, सुशील गौतम, पूर्व विधायक कृष्णबीर सिरोही, बॉबी त्यागी, राजेश त्यागी, उदिता त्यागी, पूनम सिंह, गुंजन शर्मा, नीरज त्यागी, समेत अनेक गणमान्य नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजन में कार्यक्रम संयोजक ललित कश्यप, अमित रंजन, डॉक्टर नदीम कुरैशी, विनोद कसाना, सरदार बलप्रीत सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## बांकेबिहारी मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### वृंदावन में अक्षय तृतीय पर प्रभु के दर्शनों के लिए उमड़ते हैं भक्त



**मथुरा।** वृंदावन में अक्षय तृतीय पर ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शनों के लिए आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सोमवार को जिलाधिकरी और एसएसपी ने बांके बिहारी मंदिर के आसपास के स्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पुलिस ने वृंदावन को तीन जोन और नौ सेक्टर में विभाजित किया है। सोमवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक सिंह बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पैदल गश्त भ्रमण किया। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन और 9 सैक्टर में बांटा है। इसके साथ ही ट्रैफिक और यमुना के घाटों पर सुरक्षा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

**उल्लंघन**



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में शराब की दुकानें आम तौर पर सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहती हैं। वही मंगलवार को खोड़ा के नेहरू गार्डन पुलिस चौकी के पास में 24 घंटे शराब की बोतल बेची जा रही है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले दो लोगों की मौत दारु पीने से इसी स्थान पर हो चुकी है। यह तस्वीर मंगलवार की सुबह 7:20 की बताई जा रही है।

## वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने किया सड़क का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम वार्ड नंबर-86 के पार्षद मदन राय ने राजेंद्र नगर एसपीएस 2 सोसायटी के पास सड़क का उद्घाटन किया। पार्षद ने सेक्टरवासियों से कहा कि आपके वार्ड में जो भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार होगा, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सीवरों की साफ-सफाई भी कराई जाती है। इस अवसर पर मोहित कौशिक, जसविंदर सिंह, रविंद्र सिंह, एसपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में संजय नगर में हुआ विरोध प्रदर्शन

### मासूम नागरिकों की जान लेने वाले आतंकवादियों को उनकी भाषा में ही जवाब देना चाहिए






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार की शाम 5:30 बजे संजय नगर सेक्टर 23 के एफ ब्लॉक किंग रेस्टोरेंट से संजय नगर जमा मस्जिद हनुमान मंदिर रामलीला मैदान टेंपो स्टैंड चौराहा होते हुए पी ब्लॉक चौराहे तक संजय नगर के मुस्लिम समाज और गाजियाबाद अल्पसंख्यक महानगर कांग्रेस के तत्वावधान में आतंकवाद के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया एवं आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में संजय नगर के समाजसेवी वीके अग्रवाल भी विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। साथ ही साथ समाजवादी पार्टी के महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित भी उक्त विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। मुस्लिम समाज की प्रधानमंत्री से यह मांग है कि जिस प्रकार पाकिस्तान जो आतंक का पर्याय है जो बार-बार हमारे मासूम नागरिकों पर हमले करता है और हमारे मासूम नागरिकों की जान लेता है, उस पर अब अंकुश लगना चाहिए। पाकिस्तान को उसकी भाषा में ही जवाब देना चाहिए।

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से गाजियाबाद कांग्रेस नेता मोहम्मद फहीम, महानगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैयद वली हसन, गाज़ियाबाद यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर उपाध्यक्ष दानिश सैफी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के महानगर महासचिव कादर मलिक, रियाज सैफी गाजियाबाद महानगर सेवा दल यूथ के अध्यक्ष भरत गुप्ता, किंग रेस्टोरेंट के मालिक मिर्जा इरफान देव अंजुमन फैजाने रजा संजय नगर के सदर हाफिज अब्दुल कय्यूम, जी, शरीफ खान जी, असलम मलिक जी, हाजी यामीन सैफी जी, राशिद खान आदि शामिल रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले से दुखी मुस्लिम से हिंदू बनी युवती धर्म परिवर्तन कर कहा तलाक के बाद हलाला के लिए बनाया था परिवार ने दबाव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मैंने पहलगाम हमला देखा। उससे लगा कि ये सारे मुसलमान आतंकवादी होते हैं। उससे मैंने ये सोचा है कि मैं अपने घर वापसी करुं। हमारे पूर्वज भी सनातन ही रहे हैं। मुसलमानों ने यहां पर बहुत आतंक फैलाया है। मुझे तलाक दिया गया तो परिवार ने मुझ पर हलाला का दबाव डाला। यह कहते हुए एक मुस्लिम युवती नेहा खान ने गाजियाबाद में आज अपना धर्म परिवर्तन कर लिया। सनातन धर्म ग्रहण कर अपना नया नाम नेहा शर्मा रखा है। पहले से हिंदू धर्म में आस्था थी हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने पूजा पाठ कराई है। मंगलवार को गाजियाबाद में एक निशा उर्फ नेहा खान ने सनातन धर्म को अपना लिया। पहलगाम हमले से दुखी महिला ने सनातन अपनाने का फैसला किया। हिंदू रक्षा दल ने महिला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। अग्नि के सामने धर्म बदलाहिंदू रक्षा दल के साहिबाबाद कार्यालय पर मंगलवार को हवन हुआ। हिंदू रक्षा दल के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि दिल्ली में रहने वाली नेहा खान का पूर्व में तलाक हुआ था। बाद में पिता ने हलाला कर पूर्व पति से दोबारा निकाह करने का दबाव बनाया था। वही नेहा ने हलाला के लिए मना कर दिया था, कहा था कि मैं दूसरा निकाह नहीं करूंगी। नेहा शर्मा ने धर्म परिवर्तन के बाद कहा कि मुझे हिंदू धर्म में पूर्व से विश्वास था। बिना किसी दबाव के मैंने धर्म परिवर्तन किया है, मैं बालिक हूं और मुझे अपना धर्म परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली। बुधवार 30 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## कुछ तो है इस बात के पीछे राज

# लोनी के पांच मंडल अध्यक्षों के साथ की है सांसद अतुल गर्ग ने घर पर मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और अगर किसी को ये लग रहा हो कि वो विधायक वाली पारी से लोकसभा वाली जिम्मेदारी में आने के बाद दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। संगठन में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं तो इस खबर के बाद थोड़ा अपडेट हो लें। अतुल गर्ग दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं, लेकिन वो अपनी लोकसभा में एक बूथ के लिये भी पूरी शिद्दत के साथ काम करते हैं। हर मंडल पर उनकी नजर है और उनके पास एक मंडल से लेकर एक बूथ, एक मतदान केंद्र का भी डाटा मौजूद है कि भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में कहां पर घाटा हुआ है। बड़ी बात ये है कि सांसद मंडल अध्यक्षों के साथ संवाद कायम कर रहे हैं। वो मंडल अध्यक्षों के साथ अपने घर पर मुलाकात कर रहे हैं, बिठाकर बात कर रहे हैं।

दैनिक करंट क्राइम ने जब मंडल अध्यक्षों वाली मुलाकात को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की तो अतुल गर्ग ने कहा कि मंडल अध्यक्ष हों, या बूथ अध्यक्ष हों, वो सब हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता हैं और सही मायनों में तो मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। मैंने लोनी के पांच मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर एक औपचारिक चर्चा की। हम लोगों ने इस बात पर चर्चा की कि इस चुनाव में हमें 2019 के मुकाबले में लोनी में सात हजार वोट कम मिले हैं। ये वोट क्यों कम हो गए, क्या हमारी रणनीति में कमी थी, क्या मतदान प्रतिशत कम हुआ या अन्य कारण थे। जब मंडल अध्यक्षों के साथ बैठकर चर्चा की तो यहां मंडल अध्यक्षों ने ही पूरी बात का सार बताया और यहां कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा कारण तो ये रहा कि इस चुनाव में दलित समाज को भाजपा के प्रति भ्रमित किया गया था। वहीं दूसरा कारण ये रहा कि लोनी में कुछ मतदान केंद्रों पर भाजपा का मतदान प्रतिशत कम रहा।

जबकि इन्हीं मतदान केंद्रों पर सपा का मतदान प्रतिशत ज्यादा रहा। अतुल गर्ग ने कहा कि इस बात पर भी चर्चा हुई कि हमें यह भी पता करना चाहिए कि लोग इस चुनाव में क्या किसी बात पर नाराज थे और अगर वो नाराज थे तो हमें नाराजगी की वजह उनके पास जाकर दूर करनी है। हर बूथ को मजबूत करना है। अतुल गर्ग ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की हर विधानसभा में आने वाले मंडल और मंडल में आने वाले हर बूथ पर भाजपा लोकसभा की रणनीति पर काम करेगी । तभी हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

### सांसद ने बताया विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लोकप्रिय

**करंट क्राइम।** लोनी में 7000 वोट पहले के मुकाबले कम मिले। सांसद अतुल गर्ग से जब इन कम वोटों को लेकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर के बारे में बात हुई तो सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सबसे पहली बात तो ये है कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पूरी ताकत, शिद्दत और समर्पण भाव के साथ चुनाव लड़वाया। यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की तारीफ करते हुए कहा कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर तो अन्य विधानसभाओं के मुकाबले सबसे लोकप्रिय विधायक हैं और उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पूरी शिद्दत से चुनाव लड़वाया और मतदान प्रतिशत कम होने का एक कारण रहा औरयहां पर उन इलाकों में पोल ज्यादा हुआ जो समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाते हैं।

### अन्य विधानसभाओं में भी कर रहे हैं हम चुनाव को लेकर रिसर्च

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कार्यकताओं के साथ संवाद हमारी राजनीतिक कार्यशैली का हिस्सा है। भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है और कार्यकर्ता देवतुल्य होता है। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हम अभी से 2017 की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हम यहां कई चीजों को लेकर रिसर्च कर रहे हैं। एनालिसिस कर रहे हैं और आने वाले चुनाव को लेकर वर्क कर रहे हैं। केवल लोनी ही नहीं बल्कि अन्य विधानसभाओं में भी मंडल अध्यक्षों के साथ और बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद कायम होगा। बैठकर बात करेंगे और इस विषय पर भी निष्कर्ष निकाला जाएगा कि भाजपा का वोट प्रतिशत कैसे बढ़ेगा और हम जनता के बीच जाकर सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी उन्हें कैसे देंगे और अभी से हमें जनता के बीच जाकर एक माहौल बनाना है। अभी लोनी के मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक हुई है और जल्द ही साहिबाबाद, मुरादनगर, शहर तथा धौलाना के मंडल अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के साथ भी बैठक होगी।

### ये है अतुल गर्ग का पंच, जो किया है मंडल अध्यक्षों के साथ लंच

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। सियासत की नब्ज को जानते हैं और उन्हें शब्द मैजीशियन कहा जाता है। वो सियासत के ऐसे हकीम है जो मुस्कराकर शब्दों से इलाज करना जानते हैं। लिहाजा वो मुस्कराकर शब्दों से इलाज कर देते हैं। राजनीति वाले ये कह रहे हैं कि आप इस लंच को जनरली कोई भोजन का अंदाज ना समझे, ये सांसद अतुल गर्ग का सियासी पंच है और उन्होंने पंच यानी पांच मंडल अध्यक्षों के साथ ऐसे ही लंच नहीं किया है। अभी तो बेला वो भी आएगी जब सबसे बड़ी विधानसभा के दस मंडल अध्यक्ष भी सांसद के साथ भोजन की टेबल पर नजर आएंगे। अभी तो लाइन के इस पार वाले मंडल अध्यक्ष भी आएंगे और उस पार वाले मंडल अध्यक्ष भी आएंगे। मामला चुनाव का है और समझने वाले इस पूरे गेम को समझ रहे हैं।

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने दिया ये पैगाम

# जमीन जनता की और जनता के ही आनी चाहिए काम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने जनादेश मिलने के बाद विकास को लेकर कई काम किये हैं। उन्होंने जहां लाइनपार क्षेत्र में रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा हटवाया। वहीं उन्होंने अब नगर निगम से उन जमीनों का हिसाब पूछा जो निगम ने खाली कराई। जमीन को लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मेरा सिर्फ इतना प्रयास है कि ये जमीन जनता की है और जनता के काम आनी चाहिए। कोई भी इस जमीन का मालिक नहीं बन सकता और जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं और जनसेवक होने के नाते हम सबका ये कर्त्तव्य भी बनता है कि जनता के हित में जनता के इस्तेमाल के लिये इस जमीन का प्रयोग किया जाये।



उन्होंने नगर निगम की जमीनों को लेकर कहा कि मैंने हाल में हुई एक मीटिंग में प्राक्कलन समिति की बैठक में निगम अधिकारियों से पूछा था कि रोज ये पता चल रहा है कि इतनी कीमत की जमीन खाली कराई गई, इतनी जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई, तो निगम अधिकारियों से सवाल था कि आखिर ये जमीन कहां जा रही है और इस जमीन का क्या इस्तेमाल हो रहा है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जो जमीन जनता की है, सरकार की है, उस जमीन पर जनता के लिये नगर निगम स्कूल, कॉलेज, अस्पताल बनवा सकता है। स्वामित्व नगर निगम का ही रहेगा, लेकिन जनता के लिये तो सुविधा हो जाएगी। बच्चों के लिये शिक्षा का इंतजाम होगा, गरीब वर्ग के लिये अस्पताल का इंतजाम होगा। अक्सर ये सुनाई देता है कि कूड़ा डंप करने के लिये जमीन नहीं है।

जब तक निगम के पास बड़े स्थान का इंतजाम नहीं हो पा रहा, तब तक प्रत्येक जोन के हिसाब से कूड़ा डंप करने के लिये इस जमीन का इस्तेमाल हो सकता है। वहां कूड़ाघर बनाया जा सकता है और अब तो निगम अधिकारी ये भी नहीं कह सकते कि उनके पास जमीन नहीं है क्योंकि वो रोज खुद बता रहे हैं कि इतने वर्ग मीटर जमीन खाली कराई है, तो इस जमीन का जनहित में सदउपयोग होना चाहिए।

### रेलवे की जमीन पर जून-जुलाई में लगेंगे पौधे और शहर को मिलेगी हरियाली

**करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि हम जनता के लिये समर्पित हैं और हम एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ-साथ अपने शहर के पर्यावरण के लिये काम करेंगे। उन्होंने बताया कि लाइनपार क्षेत्र में रेलवे की जिस जमीन को हमने अपने प्रयासों से अवैध कब्जे से मुक्त कराया, उस जमीन को लेकर प्रस्ताव आए हैं। कुछ प्रस्ताव हमने दिये थे। उन्होंने बताया कि पहला प्रस्ताव वन विभाग की ओर से है। यहां वन विभाग की तरफ से 50 हजार गड्ढे खोदे गए हैं। जून-जुलाई का मौसम पौधे लगाने के लिये उपयुक्त होता है और इसी दौरान इन 50 हजार गड्ढों में पौधे लगाए जाएंगे। इसमें हम जनसहयोग भी लेंगे और जनसहभागिता के साथ लाइनपार क्षेत्र में एक हरियाली पार्क विकसित करने का प्लान है। जब यहां ये पौधे बड़े हो जाएंगे तो लाइनपार क्षेत्र को हरियाली की सौगात मिलेगी और ये प्रदूषण से भी मुक्ति दिलाने में सहायक होगा।

### निगम ने कहा- हमारे पास है एक्यूआई फंड

**करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि हम जनता के विकास और जनहित के लिये प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय से अगर पत्र आ जाएगा तो निगम भी यहां काम करने के लिये तैयार है। निगम अधिकारी बता चुके हैं कि निगम के पास एक्यूआई फंड है। इस फंड से अगर पर्यावरण के लिये काम होगा तो शहर की हवा सुधरेगी। एक्यूआई का स्तर सुधरेगा। वहीं एक प्रस्ताव इस जमीन को रेलवे को देने का भी है। क्योंकि सेना की तरफ से ये बताया जा चुका है कि अब ये जमीन उनके काम की नहीं है और सेना से रेलवे को जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पर भी काम चल रहा है।

### साप्ताहिक पैठ बाजार भी हो सकता है एक विकल्प

**करंट क्राइम।** विजयनगर की खाली जमीन पर साप्ताहिक पैठ बाजार लगाए जाने की चर्चा चल रही है। इस चर्चा पर बात करते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अगर विजयनगर की जनता को साप्ताहिक बाजार के कारण सड़क पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिले और साप्ताहिक बाजार वालों को रोजगार मिले तो इस दिशा में भी काम किया जा सकता है। क्योंकि साप्ताहिक बाजार सप्ताह में एक दिन ही लगना है। लिहाजा इस पर भी विचार चल रहा है। प्रयास यही है कि जिस जमीन पर प्रयास के बाद दशकों से स्थापित अवैध कब्जे को हटवाया गया है, उस जमीन पर फिर से अवैध कब्जा ना हो जाए।

# क्यों कहना पड़ा सपा के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को

## हमारे फ्रंटल के अध्यक्ष तो रहते हैं लखनऊ में एक्टिव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला आरडीसी की आदित्य बिल्डिंग में आग लगने से जुड़ा है। जब यहां आग लगी तो सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। दोनों ने आग बुझाने में मदद करने का प्रयास किया। दोनों एक दल के जिला और महानगर अध्यक्ष हैं, लेकिन जब वो मौके पर थे तो वो अकेले थे और कोई उनके साथ नहीं था। अब आग लगी, बुझ भी गई, लेकिन सवाल ये हो गया कि आखिर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ही दोनों क्या एक-दूसरे के साथ हैं।

क्या पार्टी के और पदाधिकारी या कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के दफ्तर नहीं आते हैं। जबसे फैसल हुसैन और वीरेंद्र यादव ने समाजवादी पार्टी में जिले और महानगर की कमान संभाली है, तब से ये दोनों एक्टिव रहते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी के जो फ्रंटल संगठन कभी सबसे ज्यादा एक्टिव रहते थे वो अब डिएक्टिव मोड में दिखाई देते हैं। एक दौर था जब समाजवादी छात्रसभा, समाजवादी महिला सभा, समाजवादी युवजन सभा, समाजवादी यूथ ब्रिगेड एक्टिव रहते थे और इनके अध्यक्षों के नाम याद नहीं करने पड़ते थे। वो एक्टिव रहते थे इसलिये समाज को भी ये नाम रहते थे, लेकिन अब बहुत जोर लगाने के बाद ये नाम याद आते हैं। ऐसा नहीं है कि सारे ही फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष निष्क्रिय हैं। मगर, बात जब आग के पास फैसल और वीरेंद्र से बात हुई तो मन की आग बाहर आ गई। फैसल हुसैन और वीरेंद्र यादव फ्रंटल संगठनों को एक्टिव रखने के लिये उनकी रिपोर्ट भी भेजते हैं। लेकिन जब दोनों से बात की गई तो वो आग बाहर आई।




जब दोनों अध्यक्षों से यह सवाल हुआ कि आप दोनों ही अध्यक्ष यहां पर आए हो। दोनों ही अकेले ही आए हो तो बाकी टीम कहां है। इस सवाल पर दोनों मुस्करा दिये और इस मुस्कराहट में जो दो शब्द उन्होंने कहे, उन्हीं शब्दों में मानों पूरा सार रख दिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने चेहरे पर मुस्कान लाकर कहा कि हमारे फ्रंटल तो लखनऊ में एक्टिव रहते हैं।

यहां पर उनका मतलब यह नहीं था कि फ्रंटल संगठन के अध्यक्ष लखनऊ में कोई रैली करते हैं, प्रदर्शन करते हैं, उनका अर्थ यह था कि फ्रंटल संगठन वाले लखनऊ में पार्टी के बड़े नेताओं की परिक्रमा करते हैं। सार ये था कि जहां उन्हें एक्टिव रहना है, वहां तो वो एक्टिव नहीं रहते, अगर फ्रंटल संगठन वाले गाजियाबाद की बजाय लखनऊ में ही एक्टिव रहेंगे तो गाजियाबाद में कहां से समाजवादी पार्टी बढ़िया रिजल्ट ले आएगी।




## संपादकीय

# कब थमेगा आतंक का सिलसिला?

यह गंभीर चिंता का विषय है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों पर विराम नहीं लग पाया है। पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश है। दुनिया के बहुत सारे देशों ने इसकी निंदा की है। उस हमले में छब्बीस लोग मारे गए। इसकी प्रतिक्रिया में भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। कश्मीर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। पूरे कश्मीर ने इस घटना के विरोध में बंद रखा और आतंकवाद के खिलाफ जगह-जगह जुलूस निकाले गए। इसके बावजूद घाटी में अगर आतंकवादियों के मंसूबे कमजोर नहीं पड़े हैं, तो स्वाभाविक ही सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिर से सवाल सिर उठाने लगे हैं। गौरतलब है कि कुपवाड़ा में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक समाजसेवक के घर में घुस कर उसे गोली मार दी। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंकवादी हमलों के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। हालांकि वह बार-बार अपने को पाक-साफ साबित करने की कोशिश करता है, भारत के प्रति सहयोग का दिखावा भी करता है, पर दुनिया की नजरों से उसकी हकीकत छिपी नहीं है। पहलगाम के बाद कुपवाड़ा में इस तरह घर में घुस कर हमला करने के पीछे दहशतगर्दों की मंशा साफ है। वे संदेश देना चाहते हैं कि उनके मंसूबे कमजोर नहीं पड़े हैं।

मगर सवाल है कि वहां तैनात खुफिया एजंसियों और सुरक्षा बलों से क्यों और कैसे चूक हो रही है कि वे आतंकवादियों की साजिशों को समय रहते समझ नहीं पा रहे। पहलगाम हमले के पीछे बड़ा कारण सुरक्षा इंतजाम में घोर लापरवाही थी। इसके लिए सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अफसोस भी जताया और इसे तुरंत दुरुस्त कर लेने का आश्वासन दिया। इस वक्त वहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी घटना की जांच में जुटी है। पूरी घाटी में सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ा दी गई है। खुफिया एजंसियां चौकस हैं। इसके बावजूद अगर आतंकी किसी घर में घुस कर हमला करने में कामयाब हो जाते हैं, तो स्वाभाविक ही आतंकवाद से लड़ने संबंधी हमारी तैयारियों पर अंगुलियां उठेंगी। नौ वर्ष पहले नोटबंदी हुई, तो दावा किया गया था कि इससे आतंकियों की कमर टूट जाएगी। अच्छी बात है कि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं और आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक कारगर तरीके पर विचार कर रही है। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि आतंकवादी संगठनों को खत्म करने की कोई भी रणनीति अब तक कारगर साबित नहीं हो पाई है। पहलगाम हमले के बाद आम जनभावना यही है कि दहशतगर्दी को पोसने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कोई निर्णायक कदम उठाया जाए। स्पष्ट है कि वहां की सेना आतंकवादियों को प्रशिक्षण और संरक्षण देती है। वह खुद को वहां के हुक्मरान से ऊपर समझने लगी है और अपनी समांतर सत्ता चलाती है। ऐसे में, केवल सियासी पहलकदमी नहीं, सीमा पार चल रहे आतंकी ठिकानों को खत्म करने की रणनीति भी बनानी होगी। मगर पहले अपने सुरक्षा घेरे को अभेद्य और खुफिया तंत्र को अचूक बनाने की सख्त जरूरत है।

# द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिकी वित्त मंत्री का ऐलान

## कहा- पहला समझौता भारत के साथ होगा



### ट्रंप ने दो अप्रैल को लगाया था जवाबी टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित कई देशों पर व्यापक पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की। इसके बाद नौ अप्रैल को ट्रंप चीन और हॉन्गकॉन्ग को छोड़कर नौ जुलाई तक टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित करने की घोषणा की थी। क्योंकि लगभग 75 देशों ने व्यापार सौदों के लिए अमेरिका से संपर्क किया था। हालांकि इन देशों पर लगाया गया 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ अभी भी प्रभावी है। इसके अलावा स्टील, एल्युमीनियम और ऑटो कलपुर्जों पर 25 प्रतिशत शुल्क भी लागू है।

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप की अन्य देशों के साथ चल रही व्यापार वार्ता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समझौते के लिए कई देश आगे आए हैं। भारत ऐसा देश होगा, जिसके साथ हम पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता रंग ला रही है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एलान किया जवाबी टैरिफ के बाद अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने वाला पहला देश भारत होगा। एक कार्यक्रम में बेसेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप की अन्य देशों के साथ चल रही व्यापार वार्ता की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमारी एशियाई व्यापारिक साझेदारों के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले सप्ताह भारत में थे और उन्होंने समझौते के बारे में बात की थी। कोरिया गणराज्य के साथ बातचीत बहुत अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमने अपने जापानी सहयोगियों के साथ भी ठोस बातचीत की है। बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस घोषणा के बाद कि वे सभी पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू रखेंगे, लेकिन व्यक्तिगत व्यापारिक साझेदारों पर अधिक आक्रामक शुल्क लगाने पर 90 दिनों की रोक लगाएंगे, अमेरिका ने वार्ता में प्रगति की है। उन्होंने आने वाले दिनों में संभावित सौदे के लिए भारत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कई देश आगे आए हैं और उन्होंने बहुत अच्छे प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। हम उनका मूल्यांकन कर रहे हैं। मेरा अनुमान है कि भारत ऐसा देश होगा, जिसके साथ हम पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। इसलिए इस पर नजर रखें।


अमेरिकी विदेश मंत्री बेसेंट ने व्यापार समझौते तक पहुंचने की जिम्मेदारी भी चीन पर डाली। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि तनाव कम करना चीन पर निर्भर है, क्योंकि हम जितना चीन को बेचते हैं, उससे पांच गुना अधिक वे हमें बेचते हैं। इसलिए ये 120 प्रतिशत, 145 प्रतिशत टैरिफ टिकाऊ नहीं हैं।

## सभी बैंक, वित्तीय कंपनियां और अन्य विनियमित संस्था 1 मई से प्रवाह पोर्टल का उपयोग करें, आरबीआई का निर्देश




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 1 मई, 2025 से सभी बैंकों, वित्तीय कंपनियों और अन्य विनियमित संस्थाओं को प्राधिकरण, लाइसेंस और अनुमोदन से जुड़ा कोई भी आवेदन जमा करने के लिए प्रवाह पोर्टल का उपयोग करने को कहा है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में, आरबीआई ने कहा, 01 मई, 2025 से, विनियमित संस्थाओं को पोर्टल में पहले से उपलब्ध आवेदन पत्रों का उपयोग करके रिजर्व बैंक को नियामक प्राधिकरण, लाइसेंस, अनुमोदन के लिए आवेदन जमा करने के लिए प्रवाह का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। इसने यह भी कहा, सभी विनियमित संस्थाओं को उपरोक्त निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। पोर्टल तक पहुँचने, आवेदन जमा करने और ट्रैकिंग आदि से संबंधित निर्देश पोर्टल पर ही उपलब्ध हैं।₹ प्रवाह का मतलब है नियामक आवेदन, सत्यापन और प्राधिकरण के लिए मंच। यह आरबीआई की ओर से 28 मई, 2024 को लॉन्च किया गया एक सुरक्षित, वेब-आधारित पोर्टल है। जहां व्यक्ति और कंपनियां आरबीआई से विभिन्न अनुमतियों के लिए आवेदन कर सकें। अपने लॉन्च के बाद से, ढफअशअअल को लगभग 4,000 आवेदन और अनुरोध प्राप्त हुए हैं। हालांकि, आरबीआई ने देखा कि कुछ बैंक और वित्तीय कंपनियाँ अभी भी पोर्टल के बाहर पुराने तरीकों का उपयोग करके आवेदन जमा कर रही थीं। तेज प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने और पारदर्शिता में सुधार करने के लिए, आरबीआई ने अब सभी विनियमित संस्थाओं के लिए केवल ढफअशअअल पोर्टल का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया है।

# शेयर बाजार में सपाट क्लोजिंग, सेंसेक्स 70 अंक चढ़ा, निफ्टी में मामूली बढ़त



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। इस दौरान सेंसेक्स 70.01 (0.08%) अंकों की बढ़त के साथ 80,288.38 पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 7.46 (0.03%) अंक चढ़कर 24,335.95 पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को सपाट क्लोजिंग हुई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। इस दौरान सेंसेक्स 70.01 (0.08%) अंकों की बढ़त के साथ 80,288.38 पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 7.46 (0.03%) अंक चढ़कर 24,335.95 पर बंद हुआ।

# इंडसइंड बैंक के डिप्टी सीईओ का इस्तीफा

## 1960 करोड़ की अकाउंटिंग गड़बड़ी सामने आने के बाद फैसला




**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के डिप्टी सीईओ अरुण खुराना ने लेखा संबंधी चूक सामने आने के बाद इस्तीफा दे दिया है। वे बैंक के ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस का कामकाज देख रहे थे। उनका इस्तीफा मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक को 1,960 करोड़ रुपये का नुकसान होने के बाद आया है।

खुराना ने सोमवार को बैंक के बोर्ड को भेजे अपने त्यागपत्र में कहा, हाल के दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए, जिसमें बैंक ने आंतरिक डेरिवेटिव ट्रेडों के लिए गलत लेखांकन के कारण कंपनी के खातों पर गलत असर पड़ने की बात कही है गई है, मैं ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस के कामकाज, पूर्णकालिक निदेशक, उप सीईओ और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के एक हिस्से के रूप में, तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इंडसइंड बैंक ने सोमवार शाम स्टॉक एक्सचेंज को दी गई सूचना में कहा कि खुराना का इस्तीफा 28 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। इससे पहले, निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने सूचित किया था कि बैंक की ओर से नियुक्त बाहरी लेखा परीक्षक ने 31 मार्च तक पीएंडएल (प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट) पर 1,959.98 करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही है। इसी राशि का खुलासा 15 अप्रैल को भी किया गया था। खुराना ने अपने इस्तीफे में कहा है, अंत में, मैं इस अवसर पर बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं और सराहना करता हूं कि उन्होंने बैंक में मेरे करियर के दौरान मुझ पर विश्वास किया और मुझे जिम्मेदारियां सौंपी तथा मैं बैंक को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। 15 अप्रैल को इंडसइंड बैंक ने एक अन्य बाहरी एजेंसी की आधार रिपोर्ट का खुलासा किया कि डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में लेखांकन चूक से उसके निवल मूल्य पर 1,979 करोड़ रुपये का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बैंक ने डेरिवेटिव सौदों से संबंधित विसंगतियों के कारण दिसंबर 2024 तक अपनी निवल संपत्ति पर 2.27 प्रतिशत का प्रतिकूल प्रभाव (कर-पश्चात आधार पर) का आकलन किया है।

निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले महीने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में लेखांकन चूक की सूचना दी थी। इसका दिसंबर 2024 तक बैंक की नेटवर्थ पर लगभग 2.35 प्रतिशत प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का अनुमान है।

# अदालत के फैसले के बावजूद सेवा शुल्क वसूलने पर 5 रेस्तरां को नोटिस, सीसीपीए ने की कार्रवाई



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता नियामक सीसीपीए ने पांच रेस्तरां को अनिवार्य सेवा शुल्क लगाना जारी रखने के लिए नोटिस जारी भेजा है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस प्रथा के खिलाफ दिशा-निर्देशों को बरकरार रखा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करने के बाद मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नोटिस में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत एकत्रित सेवा शुल्क की वापसी की मांग की गई है। सीसीपीए की 4 जुलाई, 2022 को जारी दिशा-निर्देशों और 28 मार्च, 2025 को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से इसे बरकरार रखने के दिशा-निर्देशों के अनुसार, रेस्तरां भोजन के बिलों में खुद से सेवा शुल्क नहीं जोड़ सकते हैं। वे इसे किसी अन्य नाम से भी वसूल नहीं सकते हैं। दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पक्षियों के कान उनके पंखों के नीचे छिपे होते है।
- विश्व के आठ प्रतिशत लोगों में एक पसली अधिक होती है।
- आपकी लम्बाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है, जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट माँ पर।
- चीन में भारतीय रुपए के मुताबिक 100 रुपए प्रति घंटा किसी को देंगे तो आपके जगह पर वह काम करेगा।
- मोतियाबिंन और प्लास्टिक सर्जरी की खोज भी भारत देश में हुई थी।
- कोको कोला का रंग हरा होता है अगर इसमें फूड कलर नहीं मिलाया होता।
- काली मैना प्रतिदिन 30 ग्राम कीड़े खा जाती है, अत यह फसलों की रक्षक कहलाती है।
- इंसान के शरीर की सबसे छोटी हड्डी की होती है।
- चमगादड़ गुफा से निकलते समय हमेशा बाएं हाथ मुड़ते है।
- सुअरों के लिए आसमान देखना असंभव है।
- भारत डाक सेवा दुनिया का सबसे बड़ा डाक सेवा है।
- उल्लू अपना शिकार नोंचकर नहीं खाता बल्कि पूरा का पूरा निगल जाता है.

## राशिफल

**मेष:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं।

**वृष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**सिंह:** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से पुन: सम्पर्क हो सकते हैं।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मीन:** मन शान्त रहेगा। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## चुटकुले

पापा - बेटा, अमेरिका में 15 साल के बच्चे भी अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं।
चिंटू - लेकिन पापा, भारत में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है।

---

पत्नी ने पति को एक जोर का तमाचा मारा
पति तिलमिला उठा और पूछा - मैंने क्या गलती की?
पत्नी - तुम कोई गलती करो, उसके लिए मैं इंतजार थोड़े ही करती रहूंगी।

---

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो ना, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

---

पुलिस- तुमने एक ही दिन में दो बार चोरी क्यों की?
चोर- चोरी तो एक ही दिन की, दूसरे दिन तो सूट के कपड़े का कलर बदलने गया था।

## 30 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



रोहित शर्मा (क्रिकेट खिलाड़ी)


खुशी गोला


गर्ग सांगवान


सिद्धू गुर्जर


सिमरन सिंह


प्रमोद सिंघल


जग्गी


एकलव्य गुप्ता


डॉ. हिमांशु ढुकराल


नरेन्द्र तोमर


श्याम सुन्दर


अरूण मुखिया


नरेश शर्मा


अमित त्यागी


दीपक धामा


राजेश शर्मा


प्रशांत मिश्रा


सचिन शर्मा


विनोद शर्मा


मिलन त्यागी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था।



### भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन

अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश

भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे।

इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# प्रतीका रावल ने महिला वनडे क्रिकेट में बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड, मिताली राज जैसा कारनामा भी दोहराया



**नई दिल्ली।** भारत महिला और दक्षिण अफ्रीका महिला के बीच मंगलवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ट्राई-सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करके निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 276 रन बनाए।

भारतीय टीम की ओपनर प्रतीका रावल ने 78 की उम्दा पारी खेली और एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इसके साथ ही भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी के जानदार रिकॉर्ड की बराबरी भी की।

प्रतीका रावल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 91 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाए। चलिए आपको बताते हैं कि प्रतीका रावल ने दक्षिण अफ्रीका महिलाओं के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर क्या-क्या रिकॉर्ड्स बनाए और उपलब्धियां हासिल की। प्रतीका रावल महिला वनडे में सबसे तेज 500 रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। प्रतीका ने आठवीं पारी में 500 रन का आंकड़ा पार किया। वह पुरुष और महिला क्रिकेट में सबसे तेज 500 रन बनाने वाले के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के जानेमन मलान (7 पारी) के नाम सबसे तेज 500 वनडे रन पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है।

### मिताली के बाद प्रतीका

प्रतीका रावल ने महिला वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवां अर्धशतक जमाया। इसी के साथ महिला वनडे प्रारूप में पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद प्रतीका लगातार पांच अर्धशतक जमाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी की बराबरी भी की।

बता दें कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शुरूआत दिलाई और 83 रन की साझेदारी की। रावल जब आउट हुई, तब टीम का स्कोर 151/2 था। इसके बाद मिडिल ऑर्डर की बैटर्स ने छोटी, लेकिन उपयोगी पारी खेलकर भारत को 276/6 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# करो या मरो मुकाबले में कोलकाता देगी इस तूफानी बल्लेबाज को मौका, दिल्ली भी लेगी बड़ा फैसला!

## दोनों टीमें जीत को बेताब, इसलिए अपनी प्लेइंग-11 को लेकर उठा सकती है बड़े कदम




**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 में प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना अपने अगले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से है। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है। कोलकाता का पिछला मैच अपने घर ईडन गार्डन्स स्टेडियम में पंजाब किंग्स से था जो बारिश के कारण धुल गया था। ऐसे में प्लेऑफ के लिए उसे हर मैच में जीत चाहिए ही चाहिए।

दिल्ली ने अपना पिछला मैच रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ खेला था जिसमें उसे हार मिली थी। अब दिल्ली की नजरें जीत के रास्ते पर लौटने की होंगी। दोनों ही टीमें जीत को बेताब हैं और इसलिए अपनी प्लेइंग-11 को लेकर बड़े कदम उठ सकती हैं।

दिल्ली के लिए पिछले मैच में उसकी गेंदबाजी कमजोर साबित हुई थी। कोलकाता के खिलाफ अक्षर पटेल की कप्तानी वाली ये टीम यहां एक बदलाव कर सकती है। टीम दुश्मंथा चमीरा को बाहर कर टी नटराजन को मौका दे सकती है। अगर वह पूरी तरह फिट है तो। आरसीबी के खिलाफ दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी की थी और मोहित शर्मा की जगह आशुतोष शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर ले आए थे।

कोलकाता के खिलाफ भी आशुतोष और मोहित को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। पिछले मैच में फाफ डु प्लेसी की वापसी हुई थी और इस मैच में भी वह अपनी जगह बनाए रखेंगे।

### कोलकाता भी करेगी बदलाव?

कोलकाता के गेंदबाजों ने भी पिछले मैच में निराश किया था। हालांकि, कप्तान अजिंक्य रहाणे इस एरिया में बदलाव करें इसकी संभावना नजर नहीं आती है। दिल्ली के मैदान को देखते हुए राहणे एक बार फिर क्विंटन डिकॉक को मौका दे सकते हैं। उनकी जगह रहमानुल्लाह गुरबाज को बाहर कर सकते हैं जो फेल हो रहे हैं। दिल्ली के स्टेडियम को देखते हुए डिकॉक टीम के लिए सही विकल्प साबित हो सकते हैं।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, फाफ डुप्लेसी, करुण नायर, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, मोहित शर्मा, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, टी. नटराजन

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रोवमैन पावेल, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अंगकृष रघुवंशी।

# पृथ्वी शॉ को आईपीएल 2025 ने ठुकराया तो इस लीग ने अपना कर बनाया आइकन प्लेयर, सूर्या-अय्यर के नाम भी शामिल

**नई दिल्ली।** पृथ्वी शॉ को एक समय भारत का उभरता हुआ सितारा माना जाता था। उनको लेकर कहा जाता था कि वह आने वाले दिनों में भारतीय टीम के बड़े बल्लेबाज होंगे और टीम की अगुआई तक करेंगे। लेकिन खराब फॉर्म और फिटनेस ने पृथ्वी को काफी पीछे कर दिया। इतना पीछे कि आईपीएल-2025 में पृथ्वी पर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगाई। हालांकि, अब पृथ्वी को एक और लीग का सहारा मिला है जिसने उसे अपना आइकन प्लेयर बनाया है।

भारत में आईपीएल की तर्ज पर हर राज्य की टी20 लीग होनी लगी है। ऐसी ही लीग मुंबई क्रिकेट में होती है जिसे मुंबई टी20 लीग कहा जाता है। इस लीग का तीसरा सीजन आईपीएल के मौजूदा सीजन के बाद शुरू होगा और पृथ्वी को इस लीग का आइकन प्लेयर बनाया गया है।



लीग में कुल आठ खिलाड़ियों को आइकन प्लेयर बनाया गया है। पृथ्वी के अलावा इसमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस लीग में आठ फ्रेंचाइजी हैं और हर फ्रेंचाइजी अपने लिए एक आइकन प्लेयर चुनेगी। इस लीग की नीलामी के लिए मुंबई क्रिकेट संघ जल्द ही तारीखों का एलान करेगी। ये लीग छह साल बाद वापसी कर रही है और इसका तीसरा सीजन खेला जाएगा। लीग का आखिरी सीजन कोविड से पहले खेला गया था।

लीग में मुंबई के जाने-माने नाम देखने को मिलेंगे। इस समय कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायार और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे इस लीग में कोचिंग करते हुए नजर आएंगे।

### पृथ्वी पर रहेंगी नजरें

इस लीग में सबसे ज्यादा नजरें पृथ्वी शॉ पर रहेंगी। शॉ टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं और ये लीग उनको मौका देगी कि वह इस बात को साबित करें कि उनमें अभी भी वो प्रतिभा बाकी है जो करियर के शुरूआती दिनों में उनमें देखने को मिली थी। पृथ्वी के लिए टीम इंडिया में वापसी की राह आसान नहीं है। हालांकि, उनके लिए दरवाजे अभी पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं, लेकिन उनको वापसी के लिए अब असाधारण प्रदर्शन करना होगा तभी उनकी लीग में वापसी तय है।

# फैंस की दीवानगी देख आईपीएल में बड़े बदलाव को लेकर बीसीसीआई तैयार

**मुंबई।** आईपीएल के प्रति भारत समेत दुनिया भर में बढ़ती दीवानगी को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बड़े बदलाव पर विचार कर रही है। इसकी जानकारी आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने खुद दी है। उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा है कि बीसीसीआई अगले मीडिया राइट साइकल (2028) से क्ढछ को 94 मैचों के होम-एंड-अवे प्रारूप में विस्तारित करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यहां यह बता दें कि गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के 2022 में लीग में शामिल किए जाने के बाद से आईपीएल में वर्तमान में 74 मैचों खेला जा रहा है।

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा, निश्चित रूप से, यह एक अवसर हो सकता है। हम आईसीसी में चर्चा कर रहे हैं, हम बीसीसीआई में भी इस पर चर्चा कर रहे हैं। यह देखते हुए कि द्विपक्षीय और आईसीसी आयोजनों, फ्रेंचाइजी क्रिकेट और टी-20 क्रिकेट के संबंध में प्रशंसकों की रुचि किस तरह बदल रही है। हमें इस बारे में अधिक गंभीरता से बात करनी होगी और देखना होगा कि हम खेल के स्टेकहोल्डर के लिए अधिकतम वैल्यू कैसे बना सकते हैं।

धूमल ने कहा, आदर्श रूप से हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं, या शायद 74 से 84 या 94 तक जाना चाहते हैं, ताकि हर टीम को हर टीम के खिलाफ घरेलू और बाहरी मैचों में खेलने का मौका मिले, इसके लिए आपको 94 मैचों की जरूरत है।

मौजूदा सत्र के लिए आईपीएल को 84 मैचों तक बढ़ाने के बारे में चर्चा हुई थी, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण इसमें देरी हुई। अरुण धूमल ने कहा, काफी क्रिकेट खेला गया है, हम ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज खेलकर वापस आए, हमने चैंपियंस ट्रॉफी खेली और इसके अलावा हमारे पास आईपीएल भी है।

# 14 के वैभव सूर्यवंशी ने ध्वस्त किए पांच बड़े रिकॉर्ड, एक मैच में बने 8 कीर्तिमान

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 209 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में आरआर ने वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत 25 गेंद शेष रहते लक्ष्य को आसानी से हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। इस रन चेज में राजस्थान की टीम ने जहां कई रिकॉर्ड तोड़े हैं तो वहीं, 14 वर्षीय वैभव ने भी पांच बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त किए हैं।




### सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने

वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 35 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची टॉप पर आ गए हैं। इस मामले में उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा है। यूसुफ ने राजस्थान के लिए ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2010 में 37 गेंदों पर शतक जड़ा था। वैभव सूर्यवंशी ने अपनी शतकीय पारी में 11 छक्के और 7 चौके लगाए हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने में पहले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम दर्ज था, जिन्होंने 2010 में 127 रन की पारी में 11 छक्के जड़े थे। आईपीएल के अपने डेब्यू मैच में ही वैभव सूर्यवंशी ने शानदार पारी खेली थी। हालांकि वह शतक से चूक गए थे। अब अपने तीसरे मैच में उन्होंने मैच विनिंग शतक जड़ा है, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है।

### टी20 शतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

- 14 वर्ष 32 दिन वैभव सूर्यवंशी आरआर बनाम जीटी 2025
- 18 वर्ष 118 दिन विजय जोल महाराष्ट्र बनाम मुंबई 2013
- 18 वर्ष 179 दिन परवेज हुसैन इमोन बरिशाल बनाम राजशाही 2020

187 280 दिन गुस्ताव मैककॉन फ्रांस बनाम स्विट्जरलैंड 2022

- आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने में पहले भारतीय बने

## 16 साल की उम्र में 140 किमी की स्पीड से ड्राइविंग

### देश की सबसे छोटी फॉमूर्ला-4 रेसर, लायसेंस न होने से अभी सड़कों पर कार नहीं चला सकतीं




**अहमदाबाद।** यह तब की बात है जब मैं गो-कार्ट चला रही थी। रेश शुरू हुई और कुछ ही मिनटों में हमने पूरी स्पीड पकड़ ली। रेसिंग राउंड चल रहा था और रेस बस खत्म होने ही वाली थी। इसी दौरान एक मोड़ पर एक ड्राइवर ने मुझे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से मेरा स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा। इसके अलावा, गो-कार्ट में सेफ्टी के लिए कोई टॉप पैक भी नहीं है। कई सेकंड तक पूरी कार एक टायर पर ही टिकी रही...संतुलन बनाने में थोड़ा समय लगा, लेकिन आखिरकार मैंने संतुलन बना लिया और कुछ ही समय में कार स्थिर हो गई। उस समय मुझे पहली बार डर का एहसास हुआ। उस समय मैं बड़ी मुश्किल से बच पाई थी...

ये शब्द हैं 16 वर्षीय श्रेया लोहिया के, जो हमारे देश की सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय एफ4 (फॉमूर्ला 4) रेसर हैं। हिमाचल प्रदेश की श्रेया ने मात्र 9 वर्ष की उम्र में रेसिंग स्टार्ट कर दी थी। उन्होंने कहा कि 11 साल की उम्र में इंटरनेशनल रेस मैंने 9 साल की उम्र से मोटरस्पोर्ट्स शुरू कर दिया था। श्रेया ने कहा- मैंने पहले भी कई खेलों में हाथ आजमाया था, लेकिन उनमें से कोई भी इतना मजेदार नहीं था। जब मैंने पहली बार मोटरस्पोर्ट्स में हाथ आजमाया, तो मैंने तय कर लिया कि अब मैं यही करूंगी। फिर मैं कार्टिंग में आ गई और कई सालों तक कार्टिंग की। मैंने 11 साल की उम्र में मलेशिया में अपनी पहली इंटरनेशनल रेस में शामिल हुई। उसके बाद मैं कई इंटरनेशनल रेस का हिस्सा रही। मैंने पीएम बाल पुरस्कार भी जीता। अब पिछले एक साल से एफ4 (फॉमूर्ला 4) रेसिंग कर रही हूं। मेरे माता-पिता दोनों ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और मेरी बहन कई वर्षों तक राष्ट्रीय निशानेबाज रही है। जब मैंने पहली बार मोटरस्पोर्ट्स में हाथ आजमाया, तो मेरा डोपामाइन लेवल इतना अधिक बढ़ गया कि मैंने वहीं फैसला कर लिया कि मुझे अब यही करना है। जैसे ही मैं घर पहुंची। मैंने पापा से कहा कि मैं अब रेसिंग करना चाहता हूं। पापा बहुत सपोर्टिव हैं। उन्होंने तुरंत परमिशन दे दी और मेरी ट्रेनिंग शुरू हो गई। यहां तक कि पापा भी खुश थे कि मेरी बेटी कुछ नया करना चाहती है।

श्रेया ने कहा- मैंने पहली बार मोटरस्पोर्ट्स किया तब मैं 9 साल की थी और तब मैंने तय किया कि अब मुझे यही करना है। इसलिए मैंने इसकी ट्रेनिंग सेंटर के लिए रिसर्च भी की। तब मुझे मालूम हुआ कि रेसिंग और गो-कार्टिंग की ज्यादातर ट्रेनिंग और चैंपियनशिप दक्षिण भारत में ही होता है। इसलिए मैंने बेंगलुरु में ट्रेनिंग ली और सबसे पहले गो-कार्ट चलाना सीखा। क्योंकि उस उम्र में आप केवल गो-कार्ट ही चला सकते हैं। मैं घर पर बंद दरवाजों के पीछे भी रेसिंग कर सकती हूं ट्रेनिंग के बारे में श्रेया बताती हैं कि मोटरस्पोर्ट्स में ट्रेनिंग अन्य सभी खेलों की तुलना में काफी महंगी है। दूसरे स्पोर्ट्स में रेगुलर ट्रेनिंग से ही आपके कौशल का विकास होता है, लेकिन मोटरस्पोर्ट्स बहुत महंगे हैं। इसलिए हम रोजाना ट्रेनिंग नहीं ले सकते।

# 'वह भाग्यशाली थे...', वैभव को लेकर गिल के इस बयान पर बवाल

## अजय जडेजा ने जीटी के कप्तान पर साधा निशाना

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में सोमवार को गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से जब राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के युवा शतकवीर वैभव सूर्यवंशी की उनकी टीम के खिलाफ पारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन की धमाकेदार पारी खेली और अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई। उनकी इस पारी ने गुजरात की टीम और उसके खिलाड़ियों को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि किसी ने 14 साल के वैभव से इस तरह की पारी की उम्मीद नहीं की थी। हालांकि, गिल ने जितना भी वैभव को लेकर कहा, उस पर विवाद हो गया है। गिल के बयान पर अजय जडेजा ने उन पर निशाना साधा है और कहा कि कम से कम तारीफ तो करनी चाहिए थी।



### गिल ने क्या कहा था?

मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में बोलते हुए गिल ने सूर्यवंशी की प्रशंसा नहीं की। उन्होंने कहा कि यह वैभव का दिन था, इसलिए वह इतनी बड़ी पारी खेल सके। गिल ने कहा, 'यह उनका भाग्यशाली दिन था। उनकी हिटिंग जबरदस्त थी और उन्होंने अपने दिन का पूरा उपयोग किया।' गिल के इस बयान से भारत के दिग्गज क्रिकेटर अजय जडेजा नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि वह गिल से और परिपक्व बयान की उम्मीद कर रहे थे, भले ही उनकी टीम हार गई हो।

### जडेजा का गिल को जवाब

जडेजा ने जियोस्टार के साथ बातचीत में कहा, 'लेकिन एक 14 साल के बच्चे को खुद पर विश्वास था। उसका आत्मविश्वास प्रबल है, जिसकी मदद से वह शतक जड़ पाए। भले ही जो भी हो, लेकिन टीवी पर आकर किसी खिलाड़ी का यह कहना कि 'ओह, यह सिर्फ इस वजह से है क्योंकि वह भाग्यशाली थे और उनका दिन था...'। जडेजा ने वैभव की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि एक 14 साल के बैटर का दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खेलना और आईपीएल में शतक बनाना सच में एक शानदार उपलब्धि है।

जडेजा ने कहा, 'हम सभी जो क्रिकेट खेलते थे, एक सपना देखते थे, चाहे तो अपने ड्राइंग रूम में या जब हम अपने दोस्तों के साथ खेल रहे हों। यह पारी वही है जो आप सपने में देखते हैं। 14-15 साल की उम्र में हम सभी ने अलग-अलग सपने देखे होंगे, लेकिन उस लड़के ने सपने को सच कर दिखाया है। वैभव ने उस सपने को वहां जीया है। उसमें दम है। उसका 100 काफी समय तक याद किया जाएगा।'

### वैभव ने बनाया रिकॉर्ड

35 गेंद पर शतक लगाने वाले वैभव की उम्र 14 साल 32 दिन है और उन्होंने इस लीग में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय के मामले में यूसुफ पठान का 15 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 2010 में यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक लगाया था और वह इस टूनार्मेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय थे। उनका यह रिकॉर्ड अब 2025 में टूटा है। यानी वैभव का जब जन्म भी नहीं हुआ था, उस वक्त यूसुफ ने यह कारनामा किया था और अब बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने अपनी उम्र से भी ज्यादा पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। ओवरऑल आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक लगाया था।

### 'द्रविड़ को जाता है श्रेय'

जडेजा ने कहा, 'सात ओवर के बाद आपके पास रणनीतिक टाइमआउट लेने का विकल्प होता है। राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर और राजस्थान टीम मैनेजमेंट को बहुत श्रेय जाता है, जिन्होंने उन्हें बस खुलकर खेलते रहने और खिलते रहने की अनुमति दी है। और मुझे लगता है कि यह मानसिकता है जो मुझे किसी भी चीज से ज्यादा प्रभावित करती है।'

# डीएम दीपक मीणा ने किया कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण

## कार्यालय में साफ-सफाई के साथ करें संसाधनों के पुनः उपयोग : दीपक मीणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था, अभिलेखों की स्थिति तथा विभिन्न विभागों में उपयोग किए जा रहे संसाधनों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डेस्क पर बैठा प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों की पूर्ण जानकारी रखे : डीएम

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने सहज और शांत माहौल में कर्मचारियों से बातचीत की और कार्यालय को और अधिक सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि डेस्क पर बैठा प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों की पूर्ण जानकारी रखे और उसी के अनुरूप अपने कार्यों का निर्वहन करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर विभाग अपने स्तर से यह सुनिश्चित करे कि संसाधनों का दुरुपयोग न हो और सरकारी संपत्ति का संरक्षण हो। साथ ही उन्होंने कलेक्ट्रेट को एक 'मॉडल कार्यालय' के रूप में विकसित करने की भी बात कही।



### स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल में होता है सकारात्मक माहौल तैयार : डीएम

**करंट क्राइम।** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि अनुपयोगी समझे जाने वाले सामानों को अनावश्यक रूप से न फेंका जाए, बल्कि उन्हें पुनः उपयोग (रीयूज) करने योग्य बनाया जाए और जहां आवश्यक हो वहां सही ढंग से उपयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल न केवल काम की गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि सभी के लिए सकारात्मक माहौल भी तैयार करता है।

# लोनिवि की बैठक में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालों ने 9 सड़कों के रखे प्रस्ताव



**हापुड़, करंट क्राइम।** विकास कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी की एक बैठक आयोजित की गई। जिस में सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालों ने पिलखुवा धौलाना सड़कों को लेकर 9 सड़कों को लेकर प्रस्ताव रखा। राजेन्द्र मित्तल ने बताया कि इन सभी सड़कों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकतानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए। राजेन्द्र मित्तल ने बताया कि डबल इंजन की सरकार में बहुत तेजी के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। बैठक में जिलाधिकारी आशीष पांडे, विधायक धर्मेश तोमर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, सीडीओ हिमांशु गौतम व एक्शन शैलेन्द्र सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डयूटी कर लौट रहे तीन लोगों पर जानलेवा हमला

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** डयूटी कर लौट रहे तीन कर्मियों पर आठ दस लोगों ने लाठी डंडो व धारधार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने एक ठेकेदार को नामजद करते हुये आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। गांव ईसापुर निवासी सुमित जब कृपाराम डेयरी में ही कार्यरत गांव भदौला निवासी पवन व अपने साथी गांव तलैहटा निवासी कपिल शर्मा के साथ डयूटी कर घर लौट रहा था, तभी सांय आठ दस लोगों ने तीनो को घेरकर उन पर लाठी-डंडो व सरियो से जानलेवा हमला बोलकर घायल कर दिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सरकारी सम्पत्ति का कैसे किया जाता है पोलिटिक्ल प्रयोग? इस मामले में अगर आपको लेना हो तो नलके वाले चौधरी नेता से प्राप्त कर सकते हैं ज्ञान? कहने वाले ने कहा बॉडी बिल्डर इन नेता ने अधिकतर सरकारी सम्पत्तियों पर अपना प्रचार किया हुआ है श्रीमान? आरआरटीएस से लेकर मेट्रो, मेट्रो से लेकर ग्रीन बेल्ट पर हो जायेंगे इनके पोस्टर के दीदार? कहने वाले ने कहा इनके पोस्टर लगाए भी इतनी हाईट पर जाते हैं कि उस पर कोई भी हाथ नहीं डाल सकता यार? आज तक निगम वालों के भी हो चुके हैं सारे प्रयास बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से पता चली है नदिया पार के मैम्बर भगवा सौलंकी को सबमिर्सबल लगाने के ऐवज में वसूली वाली बात? सुना है तब से उनके दिल में लग गई है जबरदस्त आग? दे दिया है उन्होंने अब खुले आम ये पैगाम? कह दिया है जो कर रहा है इस तरह की उगाही? जनता बता दे मुझको उसका नाम? जब तक नहीं करा दूंगा इन चेहरों पर कार्यवाही? तब तक नहीं बैठने वाला हूं मैं शांत? बताने वाले गली का ही इशारा कर दें? इसी से ढूंढ लूंगा मैं समस्या का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वर्मा जी ने अपने प्रिय गिरी जी को भेजा था एक मैडम के पास? सुना है उन्होंने इस चेहरे की सिफारिश भी लगाई थी खास? जब ये चेहरा हुआ मैडम के दरबार में हाजिर? तब इससे मांग लिया गया जवाब? पूछने वाले ने पूछा हम कैसे यकीन करें कि आप भाजपा के कार्यकर्ता हो जनाब? सुना है इन शब्दों ने तोड़ दिया है गिरी जी का दिल? ये लगातार एक विधायक से सम्पर्क कर रहे हैं? कह रहे हैं मुझे लिखित में दो कि मैं कार्यकर्ता हूं? ताकि इस सबूत के साथ मैं मैडम से सकता हूं मिल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक चेहरा पहुंचा बृज वाले एरिया के पूर्व भगवा कमिश्नर त्यागी जी के पास? उसने कहा ना जाने क्या हो गया है ऐसा कि हमारे पास मंडल में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना नहीं आ रही है साहब? इन शब्दों को सुनकर पूर्व भगवा कमिश्नर ने कहा कार्यकर्ता की जब अनदेखी होती है तो सीन देखकर हमारा दिल खौलता है? अगर हम करेंगे मौजूदा वाले से अनदेखी का सवाल? तो वो बोलेंगे ये हमारे सिस्टम में क्यों बोलता है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से महामंत्री वाली पोस्ट के लिए भगवा चौहान का नाम चढ़ रहा है परवान? सुना है तब खींचने वाले खींच रहे हैं यहां पर किसी और ऐंगल से राजन भैया का नाम? कहने वाले कह रहे हैं कि मिस्टर चौहान तो पार्टी के नेता हैं उनके जलवों के बारे में हर कोई कहता है? महामंत्री की राजन जैसा कार्यकर्ता ही संभाल सकता है जिम्मेदारी? अगर नेता बन गया महामंत्री तो भला कोई कैसे कर पायेगा उसको आदेश जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम लगातार कर रहे हैं संगठन में पद पाने वालों दावेदारों को सतर्क? वो जितना भगवा योद्धा के आसपास नजर आयेंगे? पड़ जायेगा इस वजह से उनकी दावेदारी में फर्क? खासतौर से सुबह-सुबह पहुंच कर जो सेल्फी ले रहे हैं उनके अरमानों का होगा काम तमाम? ऐसे सेल्फिशों का पूरी शिद्दत से रखा जा रहा है ध्यान? इसलिए हम कह रहे हैं कि वो लगा दें अपनी इस भाग दौड़ पर रोक? नहीं तो हो जायेगी उनकी दावेदारी एक झटके में तमाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा संगठन के पूर्व महामंत्री अग्रवाल जी अक्सर मारते हुए दिखते हैं राजनीति वाला उभार? फिर ना जाने क्या होता है एक झटके में शांत हो जाता है उनका किरदार? सुना है नवयुग वाले भैया इन दिनों हो गये हैं फिर से शांत? या तो भगवा योद्धा के सिस्टम में आने की वजह से ये सबकुछ हुआ है? या फिर अग्रवाल जी ने अब पूरी शिद्दत से लगा लिया है अपनी दुकानदारी पर ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात तो भाजपा में सुनाई देती है लाजमी? संगठन में कोई भी नजर नहीं आता है यादव आदमी? अब हम कर रहे हैं जिला और महानगर की कमेटी घोषित होने का इंतजार? डीडी यादव जो रहे थे कभी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार? क्या जिले के अध्यक्ष करेंगे ऐसे सक्रिय चेहरे के नाम पर विचार? कुछ ऐसी ही है हमारी महानगर की टीम पर भी नजर? क्या यहां पर भगवा योद्धा माही या बब्बल में से करेंगे किसी की फिक्र? यूं ही नहीं कह रहे हैं हम ये बात? यादव बिरादरी में हो रहा था इस बात का जिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगभग ये बात तो लग रही है हमको कन्फर्म? महानगर के महामंत्री वाले पद पर एक महिला चेहरे का नाम होगा डन? कहने वाले ने कहा हम यहां पर दे रहे हैं एक नाम का विशेष संदेश? अगर इस महिला चेहरे को बना दिया जाये महामंत्री? तो निपट जायेंगे एक साथ दो केस? महिला के साथ-साथ ये चेहरा ओबीसी फैक्टर को भी कर लेगा कवर? हम ज्यादा सस्पेंस अब नहीं बना रहे? हम यहां पर कर रहे हैं खोड़ा नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी का जिक्र? संगठन की हर गतिविधि में ये दिखाई देंती हैं कार्यक्रम इधर लगा हो या लगा हो उधर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर आरडी जी के चेहरे पर आ ही गई मुस्कान? ए के जी ने दे ही दिया अपने प्रिय चेहरे को पार्टी का प्रोग्राम? जो बात पिछले आठ सालों से नहीं हो रही थी फिक्स? आज ए के जी रहेंगे गाजियाबाद और आरडी जी की तमन्नाओं का लगेगा सिक्स? कहने वाले ने कहा इसी से प्रकट हो जाता है ए के जी का आरडी जी के लिए प्रेम? पहले ये कार्यक्रम मेरठ में होना था? फिर बनी नोएडा की योजना? बाद में मंत्री जी ने आरडी जी के लिए इस कार्यक्रम के लिए तय कर दिया गाजियाबाद का फ्रेम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# मुख्यमंत्री योगी के यूपी में उपयोगी 8 वर्ष रहे बेमिसाल : अतुल जैन

## लोहा मंडी में उद्यमियों और व्यापारियों को रिपोर्ट कार्ड की पुस्तिका की गई वितरित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा मंडी औद्योगिक क्षेत्र में में मंगलवार को गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपयोगी 8 वर्ष के रिपोर्ट कार्ड की पुस्तिका सभी उपस्थित पदाधिकारियों, उद्यमियों और व्यापारियों को वितरित की जिसमें उपयोगी 8 वर्ष की उपलब्धियों का विवरण दिया गया है।



अतुल कुमार जैन ने पुस्तिका का संक्षिप्त विवरण बताते हुए कहा कि इस पुस्तिका में निम्नलिखित उपलब्धियों का समावेश किया गया है जिसमें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जिसमें गरीब कल्याण जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य श्रम सम्मान जिसमें वंचितों को जोड़ा जा रहा है। राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना विद्यालयों में प्रवेश शिक्षा के अधिकार की गारंटी। आयुष्मान भारत योजना (निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसानों की आर्थिक सहायता हेतु अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम (युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए), जल जीवन मिशन स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन शौचालय निर्माण योजना साफ-सफाई और स्वास्थ्य के लिए सेवा मित्र पोर्टल पर अटल पेंशन योजना आदि। सभी ने एकमत से उत्तर प्रदेश में हुए और हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अतुल कुमार जैन, अंबरीश जैन, सतीश बंसल, दीपक सिंघल, प्रदीप बंसल, कपिल जैन, सुधीर जैन, मुकेश कुमार, नवनीत गुप्ता, मुकेश जैन, विनीत गर्ग, सतीश चंद्र बंसल, सुबोध गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल, अजय जैन, मुकेश अरोड़ा के अतिरिक्त काफी बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी और गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।




## किसको मिलेगा नदिया पार के खास थाने का प्रभार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साहब के साइन वाली पहली बड़ी लिस्ट आखिरकार जारी ही हो गई। नए पुलिस कमिश्नर के आने के बाद से चर्चा थी कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से अंडर ट्रांसफर टू-स्टारों को रवाना किया जाएगा। मंगलवार को यह आदेश आ ही गया, जिसका लंबे समय से इंतजार था। बीते दिनों चर्चा शुरू हो गई थी, कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में बड़ी संख्या में मौजूद टू-स्टार जो अंडर ट्रांसफर चल रहे हैं, उनको कमिश्नरेट से बाहर रवाना किया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने हस्ताक्षर करते हुए ऐसे 51 दरोगाओं को बाहर का रास्ता दिखाया है। तो वहीं इस डेट फिक्स होने के बाद चर्चा शुरू हो गई है की नदिया पार के सबसे खास थाने का प्रभार किसको मिलेगा, यहां कोई टू-स्टार ही कमान संभालेगा या थ्री-स्टार पर भरोसा जताया जाएगा। उधर पुलिस विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि नदिया पार के इस खास थाने के लिए एक टू-स्टार पर भरोसा जताया जा सकता है। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया है कि उस टू-स्टार का कनेक्शन देहात से जुड़ा हो सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से कई प्रमुख चौकियों और इलाकों से 2015 बैच वाले टू-स्टार रवाना किए गए हैं, आने वाले दिनों में वहां 2017 और 2019 बैच के फेस रिप्लेस किए जाएंगे। वहीं एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अब इसे बेहतर काम लेना होगा, क्योंकि कई ऐसे टू-स्टार भी हैं, जिन पर अभी अनुभव कम है और वर्किंग स्टाइल उतना शार्प नहीं है। जितना 15 वालों के पास था। कुल मिलाकर बड़ी संख्या में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से रवानगी वाली डेट फिक्स होने के बाद कई जोन में हलचल बढ़ गई है। तो वहीं कई टू-स्टारों ने अभी से डीसीपी कार्यालय के चक्कर लगाने शुरु कर दिए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में किन टू-स्टारों की कहां के लिए गोटी सेट होती है और कौन वेटिंग में रह जाता है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि आज पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 51 टू-स्टार का अंतिम समय है। सुना है कई को विदाई मिलेगी, तो कई के जाने पर उनके एसीपी और थाने वाले प्रभारी राहत वाली सांस लेंगे।




# एचआरआईटी विश्वविद्यालय के जॉब फेयर में जबर्दस्त सफलता

## 152 कंपनियों की भागीदारी, 1500+ छात्र शामिल, 300+ चयन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में 29 अप्रैल को आयोजित हुआ मेगा जॉब फेयर अपार सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में 152 प्रतिष्ठित कंपनियों और 1500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह जॉब फेयर छात्रों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का कार्य करता हुआ एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आया। इस अवसर पर 300 से अधिक छात्रों को अगली चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। कुछ कंपनियों ने तो स्थान पर ही ऑफर लेटर भी जारी किए, जो इस आयोजन की गुणवत्ता और छात्रों की तैयारियों का प्रमाण है।

इस जॉब फेयर में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कॉमर्स व फाइनेंस, फामेसी, हॉस्पिटैलिटी, आईटी, मैन्युफैक्चरिंग और कंसल्टिंग जैसे अनेक क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों ने भाग लिया। प्रमुख कंपनियों में पार्ले, विशाल टेक्नोपावर, जेनपैक्ट, बी पी ई इनोवेशन्स, ईजी सोलर, ल्युकेट, कॉपियेलेट, टेकेंटेरियो, टेकइन्सें, कैपिटल पॉवर, एनआईआईटी फाउंडेशन, मैनपावर ग्रुप, आदित्य बिरला कैपिटल सर्विसेज, करारा सेरेमिक्स, सीआईएल एच आर, टाटा स्ट्राइव, वीजर्व, मुथूट, एच डी एफ सी, टेक महिंद्रा, स्टैंजा लिविंग, क्वेसकॉर्प आदि शामिल रहीं। इन कंपनियों की विविधता ने विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमियों के छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए, जिससे यह एक समग्र और प्रभावशाली भर्ती अनुभव बन गया।

कशिश, प्रीति रानी, विष्णु, मयंक सिंह, गरिमा त्यागी, विशाल पटेल जैसे कई छात्रों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जो इस आयोजन की सफलता का जीवंत प्रमाण हैं। कंपनियों की इस विविधता ने सभी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों को रोजगार के अवसर दिए, जिससे प्रतिभागियों को एक समृद्ध और विविध भर्ती अनुभव प्राप्त हुआ।

# उडुपी रेस्टोरेंट में संतोष हॉस्पिटल ने किया प्रेसवार्ता का आयोजन

## हॉस्पिटल्स की उपलब्धियां व सुविधाओं के विषय में दी गई जानकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नवयुग मार्केट स्थित मंगलवार को उडुपी रेस्टोरेंट में संतोष हॉस्पिटल के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संतोष हॉस्पिटल्स की उपलब्धियां व सुविधाओं के विषय में जानकारी दी गई, और अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी विभाग के अंतर्गत होने वाले इलाज के विषय में डॉक्टर मनीष सबरवाल (मेडिकल डायरेक्टर) ने विस्तार से बताया, संतोष मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पिछले 30 वर्षों से क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की विस्तार से चर्चा की और विभिन्न विभाग कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी गैस्ट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, पलमोनरी डिपार्मेंट के विषय में जानकारी देते हुए कहां की दिल्ली एन.सी.आर. में सबसे कम दरों पर संतोष हॉस्पिटल स्वास्थ्य संबंधि सभी सेवाएं प्रदान करा रहा है, और चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से अपनी चिकित्सय सेवाओ में विस्तार कर रहा है।

प्रेसवार्ता में डॉक्टर शलभ गुप्ता, यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर पुलकित गुप्ता, डॉक्टर पुलकित गुप्ता, डॉक्टर नेहा गुप्ता, संतोष हॉस्पिटल के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ बडोला, आई.एस.आर हेड डॉ. श्वेता चौधरी ने हास्पिटल की विशेषताओं से पत्रकारों का परिचय कराया। संतोष हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने प्रेसवार्ता में उपस्थित न्यूज रिपोर्टर और मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दिया और अपने-अपनी विभागीय बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

इस प्रेसवार्ता में डॉ मनीष साबरवाल (मेडिकल डायरेक्टर), डॉक्टर शलभ गुप्ता डीन अकैडमीक (जनरल सर्जरी), डॉक्टर नेहा गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर (इंटरनल मेडिसिन), डॉक्टर पुलकित गुप्ता (यूरोलॉजिस्ट), डॉक्टर सिद्धार्थ बडोला (गैस्ट्रोलॉजिस्ट) ने अपने विभागीय संबंधित बीमारियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. श्वेता चौधरी, मार्केटिंग, गुरदीप तेवतिया, सत्य बाना, विकास शर्मा, दुष्यंत चौहान, विकास शर्मा, सुमित कुमार उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० हिमानी अग्रवाल करेंगी महिला जनसुनवाई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० हिमानी अग्रवाल के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा० सदस्या दिनांक 30.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलायें अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती है। सुनवाई में उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सार्थक कदम

## मेरठ, गाजियाबाद, कानपुर देहात और उन्नाव के शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ : डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीजीआईसी विजयनगर में महिला सशक्तिकरण से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी की अध्यक्षता व संजीव शर्मा (विधायक शहर), यूनिसेड संस्था के अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जीजीआईसी की छात्राओं का विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बालिका कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से जब नारी सशक्तिकरण का आह्वान किया था, तभी से यह विषय राष्ट्रीय विकास के केंद्र में आ गया है। इस प्रयास को एक नई दिशा देते हुए, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के सहयोग से उत्तर प्रदेश के चार जिलों- मेरठ में 55 मशीनें, गाज़ियाबाद में 7 मशीनें, कानपुर देहात में 6 मशीनें और उन्नाव में 7 मशीनें की स्थापना करते हुए शासकीय विद्यालयों में 75 सैनिटरी पैड वेडिंग मशीनों का स्थापना कार्य प्रारंभ किया गया है।

इस अवसर पर ईआईएल की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला (वर्चुअल माध्यम से), सीएसआर प्रमुख विवेक अवस्थी (वर्चुअल माध्यम से), अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक अनमोल खन्ना, बीएसए ओपी यादव, एडीआईओएस, जीजीआईसी प्रधानाचार्या विभा चौहान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त की सख्ती का हुआ असर, सीवर समस्याओं के समाधान के लिए बढ़ी कार्यों की रफ्तार

**- पार्षदों द्वारा बताई जा रही सीवर समस्याओं के समाधान पर हो तत्काल कार्रवाई : विक्रमादित्य सिंह मलिक**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर जलकल विभाग तथा वबैग टीम के प्रति सख्त रवैया अपनाया जा रहा है जिसके चलते नगर आयुक्त द्वारा न केवल अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं बल्कि वबैग टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर को भी बदल गया है जिसके उपरांत देखने में आ रहा है। 24 घंटे कार्य करने पर सीवर समस्याओं के समाधान का सकारात्मक रिजल्ट निकल रहा है। पेंडिंग शिकायत का भी समाधान किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग पर भी पल-पल की खबर नगर आयुक्त द्वारा ली जा रही है।

नगर आयुक्त के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा भी रात्रि में सीवर मैन हाल की सफाई का कार्य टीम से लिया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी कड़ी मेहनत करते हुए रात्रि में कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1 वार्ड संख्या 80, प्रताप विहार सेक्टर 11, विजय नगर वार्ड संख्या 55 तथा वार्ड संख्या 26, पटेल नगर वार्ड संख्या 88, नेहरू नगर थर्ड, वार्ड संख्या 8 कलका गड़ी चौक, घुकना व अन्य क्षेत्रों से प्राप्त समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है रात्रि में भी प्रबल मॉनिटरिंग मे समस्याओं का समाधान वाबेग टीम के द्वारा किया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग अधिकारियों तथा वबैग टीम को कड़े निर्देश देते हुए पार्षदों द्वारा बताई जा रही सीवर संबंधित समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के लिए कहां गया है जिसके क्रम में पांचों जोन अंतर्गत पार्षदों से समन्वय स्थापित करते हुए जनहित में मैनहाल की मरम्मत का कार्य, डिसिल्टिंग का कार्य, रोड रेस्टोरेशन का कार्य, सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। आगामी सप्ताह में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार जलकल विभाग मॉनिटरिंग को और अधिक प्रबल करते हुए जनहित में शत प्रतिशत सीवर समस्याओं के समाधान में कार्य करेगा योजना बनाई गई है।

# सीरिया में पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल होने के बाद भड़की हिंसा, चार की मौत, कई घायल

**सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए**



**दमिश्क ।** यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया।

### मौलवी ने दिया अपना स्पष्टीकरण

बढ़ते विवाद को देख ड्रूज मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है।

### मंत्रालय की जांच में स्पष्ट हुई बातें

हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरूआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की। एक नजर भीषण हिंसा पर ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इस झड़प में चार लोग मारे गए, जबकि एक्टिविस्ट मीडिया समूह सुवेदा 24 के अनुसार, पांच लोग मारे गए और 12 घायल हुए हैं। गौरतलब है ।

कि ऐसी झड़पें हाल के दिनों में सीरिया के ड्रूज समुदाय और सरकारी बलों के बीच बढ़ते तनाव का हिस्सा हैं। जहां बीते एक मार्च को इस्त्राइल ने भी जरामाना की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया था, क्योंकि यह इलाका सीरियाई बलों के हमलों का शिकार हो सकता था।

# भारत-पाकिस्तान से यूएन चीफ की अपील, आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने को कहा



**संयुक्त राष्ट्र।** पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने दोनों देशों से अपील की है। एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दोनों देश आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि वे तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने के लिए दोनों पक्षों को स्वीकार्य किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

गुटेरेस के कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि महासचिव भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और किसी भी तरह की तनातनी से बचने का आग्रह किया है। गुटेरेस ने कहा है कि मुद्दों को भी सार्थक और रचनात्मक बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जा सकता है। गुटेरेस ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बहुत बारीकी से और चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि आगे मामला न बिगड़े। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) की हमला वाले क्षेत्र में कोई उपस्थिति नहीं है। गुटेरेस ने आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और जवाबदेही और न्याय के महत्व को रेखांकित किया। यूएनएमओजीआईपी की स्थापना जनवरी 1949 में हुई थी। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध और उस वर्ष 17 दिसंबर के युद्ध विराम समझौते के बाद यूएनएमओजीआईपी का काम युद्ध विराम के सख्त पालन से संबंधित घटनाक्रमों पर नजर रखना और महासचिव को इस पर रिपोर्ट करना रहा है।

# रूस के उप विदेश मंत्री ने भारतीय राजदूत से की मुलाकात कहा- आतंकवाद का मिलकर करेंगे मुकाबला



**मॉस्को ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों का साथ मिल रहा है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारतीय राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत-रूस मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करेंगे।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि 28 अप्रैल को उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारत के राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। भारत के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करने के लिए रूस की तत्परता की पुष्टि की गई। बताया जाता है कि अधिकारियों ने वर्तमान द्विपक्षीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक संपर्कों के कार्यक्रम के साथ-साथ दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सामान्य स्थिति पर चर्चा की। इसमें कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर भी बात हुई।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट ह्यमिनी स्विटरलैंडह्न नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। हथियारबंद आतंकवादी 'मिनी स्विट्जरलैंड' में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्न (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है भारत ने लिए थे पांच कड़े फैसले पहलगाम हमले के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को नई दिल्ली में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने, अटारी में एकीकृत जांच चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया। यह घोषणा की गई कि दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए ऐसे किसी भी वीजा को रद्द माना जाएगा।

# कनाडा में चार दिनों से लापता भारतीय छात्रा का शव मिला, हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी




**ओटावा ।** कनाडा में बीते चार दिनों से लापता भारतीय छात्रा वंशिका का शव बरामद हुआ है। कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी वंशिका की मौत की पुष्टि की है। वंशिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है, ऐसे में हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल कनाडा पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कनाडा स्थित उच्चायोग ने भी की मौत की पुष्टि

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वंशिका, आम आदमी पार्टी के नेता देविंदर सैनी की बेटी है, जो आप विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के करीबी माने जाते हैं। वंशिका पंजाब के डेरा बस्सी की निवासी थी और करीब ढाई साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा गई थी। वंशिका 25 अप्रैल को कमरा देखने के लिए शाम में अपने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। अब उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में समुद्र तट पर मिला है। भारतीय उच्चायोग ने बयान जारी कर कहा कि 'हम दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत हो गई है। इस मामले को लेकर संबंधित एजेंसियों से बात की गई है और स्थानीय पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। हम पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों के संपर्क में हैं और हरसंभव मदद की कोशिश कर रहे हैं।'

बेटी की मौत पर आप नेता देविंदर सैनी ने कहा कि 'मेरी बेटी साल 2023 में ओटावा गई थी। वह जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहती थी। मेरी आखिरी बार उससे 25 अप्रैल को बात हुई थी, जब वह काम पर जा रही थी। 26 अप्रैल को उन्हें मैसेज मिला कि वह लापता है। वह आइलेट्स एग्जाम की तैयारी कर रही थी, जो 26 अप्रैल को था। मेरी भारत सरकार से अपील है कि वे कनाडा अथॉरिटी से बात करें ताकि उसके शव को जल्द भारत लाया जा सके। मैं इस मामले में जांच की भी मांग करता हूं।'

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि वंशिका 25 अप्रैल को लापता हुई थी। वह किराए का कमरा देखने के लिए गई थी लेकिन कुछ देर बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। अगले दिन उसकी अहम परीक्षा थी, वह भी छूट गई ।

# लिओनिंग के एक रेस्त्रां में लगी भीषण आग, कम से कम 22 लोगों की मौत



**बीजिंग ।** चीन के उत्तरी शहर लिओनिंग के एक रेस्त्रां में लगी आग में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस अग्निकांड में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। दोपहर के समय लगी इस आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

घटनास्थल की सामने आई तस्वीरों में दो या तीन मंजिला इमारत की खिड़कियों और दरवाजों से आग की बड़ी लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। हालांकि हादसे को लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आग दोपहर 12:25 बजे लगी। जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। आग लगने के कारणों के बारे में अभी तक पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है।

इस महीने चीन में यह दूसरी बड़ी आग लगने की घटना है। इससे पहले 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी स्थित नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे।


# खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह की करारी हार, छोड़ा पार्टी प्रमुख का पद



**टोरंटो ।** कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। खास बात यह है कि पार्टी के प्रमुख जगमीत सिंह भी अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं। पार्टी को मिली करारी हार के बाद जगमीत ने पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख का पद छोड़ते वक्त जगमीत सिंह रो पड़े।


चुनाव परिणाम रुझान आने के बाद खालिस्तान समर्थक और एनडीपी के प्रमुख जगमीत सिंह ने घोषणा की है कि कनाडा के संघीय चुनाव में उनकी पार्टी के लिए समर्थन कम होने और अपनी सीट गंवाने के बाद वह पद छोड़ देंगे। जगमीत सिंह हाउस ऑफ कॉमन्स में 2019 से बर्नबी सेंट्रल सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे इस सीट पर पहले से तीसरे स्थान पर आ गए। आम चुनाव में एनडीपी ने अपना आधिकारिक दर्जा भी खो दिया है, क्योंकि वह आवश्यक 12 सीटें हासिल करने में विफल रही। जगमीत सिंह ने कहा कि एनडीपी का नेतृत्व करना और बर्नबाई सेंट्रल के लोगों का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। प्रधानमंत्री कार्नी और अन्य सभी नेताओं को कड़ी मेहनत वाले अभियान के लिए बधाई। मुझे पता है कि यह रात न्यू डेमोक्रेट्स के लिए निराशाजनक है।

# स्पेन-पुर्तगाल में ब्लैकआउट की वजह अभी भी पता नहीं, साइबर हमले की आशंका से इनकार



**मैड्रिड।** यूरोपीय देश स्पेन और पुर्तगाल सोमवार को पावर ब्लैकआउट की समस्या से जूझ रहे थे और पुर्तगाल में मंगलवार सुबह तक भी कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है। स्पेन में लगभग 99 प्रतिशत इलाकों में बिजली आपर्ति बहाल हो गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को ब्लैकआउट के चलते इन देशों में हवाई सेवा और मेट्रो सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। मोबाइल कम्युनिकेशन और एटीएम भी बंद पड़ गए। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अभी भी बिजली जाने की वजह पता नहीं चल सकी है। थम गई जिंदगी की रफ्तार स्पेन के इलेक्ट्रिसिटी ऑपरेटर रेड इलेक्ट्रा ने बताया है कि 99 प्रतिशत इलाकों में ऊर्जा आपूर्ति शुरू हो गई है, लेकिन कुछ इलाके ऐसे रहे, जहां पूरी रात बिजली नहीं आ सकी और लोगों को अंधेरे में ही रात गुजारनी पड़ी। कुछ जगहों पर 16 घंटे बीतने के बाद भी मोबाइल फोन सेवाएं सामान्य नहीं हो सकी हैं। अचानक ब्लैकआउट होने से कई लोग मेट्रो में फंस गए थे। इसके कारण कई लोगों को घंटों पैदल चलकर घर जाना पड़ा तो कई ने ट्रेन स्टेशन और एयरपोर्ट्स पर ही रात गुजारी। ब्लैकआउट के दौरान सड़कें और बाजार खाली रहे। स्पेन के आपदा प्रबंधन कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने भूमिगत रेलों और मेट्रों में फंसे करीब 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला।

# यूक्रेन पर रूस के ड्रोन हमले जारी, जेलेंस्की ने पुतिन के युद्धविराम प्रस्ताव को बताया धोखा



**कीव ।** रूस और यूक्रेन के बीच दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने युद्धविराम के घोषणा के बीच एक बार फिर यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाते हुए सोमवार रात घातक ड्रोन हमले किए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमले में एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक 6 साल का बच्चा भी शामिल है।


बता दें कि निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के बाद रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर भी 20 ड्रोन और 31 गाइडेड बमों से हमला किया। इसके साथ ही राजधानी कीव के एक इलाके में एक रूसी ड्रोन के मलबे से आग भी लग गई।

इन हमलों के बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 8 से 10 मई तक के लिए 72 घंटे के एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है। यह युद्धविराम द्वितीय विश्व युद्ध के विजय दिवस के मौके पर घोषित किया गया है, जब 1945 में नाजी जर्मनी पर रूस की जीत हुई थी। हालांकि, पुतिन ने युद्धविराम की निगरानी को लेकर कोई अन्य स्पष्ट योजना नहीं दी है। **यूक्रेन ने खारिज किया पुतिन का युद्धविराम प्रस्ताव :** हालांकि यूक्रेन ने पुतिन के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साथ ही इसे अमेरिका और बाकी दुनिया को धोखा देने की कोशिश२ बताया है। मामले में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और उनके सलाहकार एंड्री यरमक ने कहा कि रूस अब भी 1,000 किलोमीटर लंबी फ्रंटलाइन पर हमले कर रहा है और नागरिक इलाकों को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि यदि रूस वास्तव में शांति चाहता है तो युद्धविराम तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त कम से कम 30 दिनों के लिए होना चाहिए।

### ट्रंप ने भी पुतिन की मंशा पर उठाए सवाल


रूस के लगातार हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पुतिन की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि रूस बातचीत के बहाने धोखा देने की कोशिश कर रहा है। जबकि क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने आरोप लगाया कि यूक्रेन की सरकार पुतिन की युद्धविराम की पेशकश को गंभीरता से नहीं ले रही और वह साजिश कर रही है।

# अमेजन ने लॉन्च किया अपना पहला इंटरनेट सैटेलाइट



**वॉशिंगटन ।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भी अब इंटरनेट सैटेलाइट के सेक्टर में उतर गई है। कंपनी ने अपना पहला इंटरनेट सैटेलाइट सोमवार को लॉन्च किया। तारामंडल के बाजार में एलन मस्क की स्टारलिंक के बाद यह नई एंट्री है। फिलहाल इस क्षेत्र में स्टारलिंक का दबदबा है। यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के एटलस वी रॉकेट से अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर के 27 सैटेलाइट लेकर उड़ान भरी और इन्हें ऑर्बिट में छोड़ा। सैटेलाइट करीब 630 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचेंगे। पिछले साल किया था परीक्षण इससे पहले अमेजन ने साल 2023 में परीक्षण के लिए दो सैटेलाइट लॉन्च किए थे। प्रोजेक्ट के अधिकारियों का कहना है कि परीक्षण के बाद सैटेलाइट्स में बड़े बदलाव किए गए हैं और उनका एक तरह से नया संस्करण तैयार किया है। नई सैटेलाइट को मिरर फिल्म से कवर किया गया है ताकि उनकी वजह से अंतरिक्षयात्रियों को कोई परेशानी न हो। वहीं कई वैज्ञानिकों ने तारामंडल में छिड़ी इंटरनेट सैटेलाइट की रेस पर चिंता जाहिर की है और कहा है।

# अवैध अप्रवासी ने अमेरिकी गृह सचिव का कीमती पर्स चुराया, जमकर मचा बवाल, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वॉशिंगटन ।** एक ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध अप्रवासियों के निर्वासन पर जोर दे रहे हैं, तो दूसरी ओर एक अवैध अप्रवासी अपराध को अंजाम दे रहे हैं। एक अवैध अप्रवासी अमेरिकी गृह सचिव क्रिस्टी नोएम का कीमती पर्स चोरी कर लिया। पर्स में तीन हजार डॉलर नकदी थी। इसके बाद बवाल मच गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि अवैध अप्रवासी पहले भी चोरी के आरोप में पकड़ा जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि वॉशिंगटन डीसी में ईस्टर आउटिंग के दौरान होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम अपने परिवार के साथ कैपिटल बर्गर में भोजन कर रहीं थीं। इस दौरान चिली प्रवासी मारियो बुस्टामेंटे-लीवा ने नोएम का पर्स चोरी कर लिया। अमेरिकी अटॉर्नी एड मार्टिन ने कहा कि होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम के पर्स में 3,000 डॉलर नकद, उनका ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, डीएचएस बैज और अपार्टमेंट की चाबियां थीं। फुटेज में नजर आया कि आरोपी एन95 मास्क लगाए है। गहरे रंग की पैंट, फर-टाइप कॉलर और बॉल कैप पहने युवक कैपिटल बर्गर से बैग चुराते दिख रहा है।

अमेरिकी गृह सचिव ने पर्स मिलने के बाद पुलिस का धन्यवाद दिया है। नोएम ने एक्स पर लिखा कि ईस्टर संडे को मेरा बैग चुराने वाले अपराधी को खोजने और गिरफ्तार करने के लिए सीक्रेट सर्विस, आव्रजन अधिकारियों और हमारे कानून प्रवर्तन भागीदारों को धन्यवाद। जब मैं अपने परिवार के साथ वाशिंगटन डीसी के एक रेस्तरां में भोजन कर रही थी, तो मेरा पर्स चोरी कर लिया गया। वह व्यक्ति एक पेशेवर अपराधी है जो हमारे देश में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहा है। दुर्भाग्य स इस देश में बहुत से परिवार अपराध के शिकार बन गए हैं। यही कारण है कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका को सुरक्षित बनाने और इन अपराधी को हमारी सड़कों से हटाने के लिए हर दिन काम कर रहे हैं।

# किसान हमारा अन्नदाता है : दिनेश कुमार गोयल सभापति

## अलीगढ़ कलेक्ट्रेट में कहा, फसल को ध्यान में रखते हुए बिजली की कटौती न की जाए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 29 अप्रैल 2025 तक दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में अलीगढ़ कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व संजीव रंजन जिलाधिकारी अलीगढ़, संजीव सुमन एस0पी0, प्रखर कुमार सिंह सी0डी0ओ0, मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ़ व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक की। साथ ही विद्युत विभाग से सम्बन्धित बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से संबंधित शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि कितने डोमेस्टिक/कामर्शियल विद्युत कनेक्शन आपके जनपद में वर्ष 2024 से अब तक दिये गये और कितने शेष हैं, कितने नलकूपों को कनेक्शन दिए गए, कितने सदस्यों द्वारा शिकायती पत्र प्राप्त हुए और उन पर क्या कार्रवाई हुई।

स्थानीय स्तर पर विद्युत सम्बन्धी प्राप्त शिकायतों की क्या व्यवस्था है, इन सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है, किसानों की फसल को ध्यान में रखते हुए बिजली की किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए और लाइनों का स्पेशल ध्यान रखा जाए।

इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, जितेन्द्र सिंह सेंगर, मानवेन्द्र सिंह गुरु जी सदस्यगण विधान परिषद, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एस0पी0, मुख्य चिकित्साधिकारी व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## पूजन-अर्चन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भगवा परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर महानगर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी भी एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां पूजन अर्चन किया और ब्राह्मण समाज को शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि भगवान परशुराम ने सम्पूर्ण जगत को संघर्ष और शौर्य का रास्ता दिखाया।

# करंट एनालिसिस

## पुलिस आयुक्त की समझदारी और भाजपा की एकजुटता



दीपक भाटी
समाचार संपादक

आमतौर पर एक धारणा ये बन गई थी कि पुलिस अधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं सुन रहे हैं। गाजियाबाद में तो कई ऐसे मामले हुए जब प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के सामने ये विषय रखा गया। बात भी सही है क्योंकि कई मामले ऐसे हुए जब भाजपा कार्यकताओं को पुलिस के दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा। मगर, शनिवार को जो कुछ हुआ उसके बाद कार्यवाही भी हो गई और पुलिस आयुक्त की तथा भाजपा के नेताओं की वाह-वाही भी गई। दरअसल ये मामला भाजपा के महानगर मंत्री धीरज शर्मा के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार के बाद शुरू हुआ। धीरज शर्मा आमतौर पर पार्टी आंदोलनों में तो एक्टिव रहते हैं, पार्टी आयामों में एक्टिव रहते हैं, लेकिन वो थानों में पैरवी करने वाले चेहरे नहीं हैं। निजी कॉलेज में शिक्षक हैं, सहायक निदेशक हैं और भाजपा पदाधिकारी भी हैं। ऐसे व्यक्ति के साथ जब पुलिस के दरोगा और हैडकांस्टेबल ना केवल मारपीट करें बल्कि हवालात में भी बंद कर दें तो ये चोट तन से ज्यादा मन पर लगती है।

अब बात इंसाफ की थी और यहां पर सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं ने गजब की एकजुटता दिखाई और शहर विधायक से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तक एक सुर में संदेश था कि कार्यकर्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। भाजपा के नेता अपनी बात को सुनाने में भी सफल रहे और उन्होंने मनवाने में भी सफलता हासिल की। वो यहां पर डटे रहे, अडिग रहे और अपने कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा करने में सफल रहे। यहां अगर कोई क्रांतिकारी, लेकिन मर्यादित रोल में रहा तो वो शहर विधायक संजीव शर्मा रहे। वो लगातार फोन भी करते रहे, कार्यकताओं से बात भी की। सबसे बड़ी बात ये थी कि वो जीवटता के साथ मैदान में थे और कार्यकर्ता की बात को रख रहे थे। शहर विधायक ने दिखा दिया कि वो डेरा-डालो, घेरा डालो वाली नीति के साथ भी काम कर सकते हैं। अगर बात कार्यकर्ता की आ गई है तो फिर विधानसभा की सीमाएं भी पार होंगी और तमाम कार्यकताओं के साथ निर्णायक जंग होगी।

संजीव शर्मा के इस व्यवहार ने कार्यकर्ताओं का दिल जीत लिया। यहां पर अगर संगठन की बात करें तो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने आगे बढ़कर मोर्चा संभाला और इस पूरे मामले में सबसे बड़ी बात ये रही कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी और पदाधिकारियों ने भी निर्णायक मोर्चा खोला। एक संदेश देने में सफल रहे कि हमारी सरकार और हमसे ही तकरार, ये नहीं चलेगा। यहां पर अगर तस्वीर के दूसरे पहलू को देखें तो इस पूरी लड़ाई के सबसे बड़े हीरो बने हैं पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर। यहां उन्होंने मनोविज्ञान-कानून और हिंसा, तीनों की अवधारणा के साथ काम किया। उन्होंने यहां पर ये स्वीकार करने में देरी नहीं लगाई कि चौकी स्तर के पुलिसकर्मियों से ये फाउल हो गया। उन्होंने माना कि भले ही नेता विपक्ष के हों, या सरकार को हों, ये दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए था और फिर एक बड़ी कार्यवाही हुई जब निलंबन भी हुआ और एफआईआर भी दर्ज हुई। यहां भाजपा इस फैसले को अपनी जीत बताते हुए क्रेडिट ले सकती है, लेकिन उन पुलिस आयुक्त की भी तारीफ करनी होगी जिन्होंने मामले को प्रेस्टीज इश्यू नहीं बनने दिया। एक बड़ा संदेश दिया और ये संदेश हर थाने और चौकी तक पहुंचा है कि पुलिस के दरोगा हों या सिपाही हों वो अपना व्यवहार ठीक रखें। जिले में आए नए पुलिस कमिश्नर ने पहले ही कहा था कि शब्दावली में ह्यतू नहीं, आपह्न शब्द का इस्तेमाल करें और थाने में आए फरियादी से पानी के लिये पूछा जाए। फिलहाल एक लंबे समय के बाद गाजियाबाद में हुआ जब एक बड़े मामले का समाधान, देर रात ही सही, लेकिन निकल आया और कुल मिलाकर इस पूरे मामले का एनालिसिस ये कहा जा सकता है कि कार्यकर्ता के लिये भाजपा के जनप्रतिनिधि अगर संजीव शर्मा की तरह मैदान में अड़ना सीखें और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की तरह लड़ना सीखें तो फिर पुलिस आयुक्त भी बात सुनते हैं और प्रदेश अध्यक्ष भी कहेंगे कि कार्यकर्ता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। ये भाजपाईयों की एकता भी है और पुलिस के बड़े अधिकारी की दूरदर्शी सोच भी है। यही वजह है कि पीड़ित धीरज शर्मा ने पूरे मामले के बाद फेसबुक पर आभार भी जताया और अब ये उम्मीद की जा सकती है कि कोई भी थाना हो और कैसा भी फसाना हो, लेकिन फिर से ऐस सीन घटित ना हो और पुलिस का व्यवहार ठीक रहे। पुलिस के उच्च अधिकारी भी अगर न्यायशीलता और निष्पक्षता के साथ काम करेंगे तो यह भी शासन की मंशा के अनुरूप ही माना जाएगा।

# 'जब लखनऊ के पेड कर्मचारी को देना पड़ा बालेश्वर त्यागी को अपने पूर्व विधायक और मंत्री होने का परिचय'



**मैनें स्वयं फोनकर्ता से पूछा कि इतने लंबे समय बाद कैसे हमारी फाइल खुल गई? उसने पूछा कि आप पूर्व विधायक नहीं हो? मैने कहा कि पूर्व विधायक भी हूं और पूर्व मंत्री भी हूं लेकिन अचानक हमारी याद कैसे आ गई इससे लिए पूछ रहा हूं कि किसे और क्यों हमारी याद आ गई? फोन करने वाला संभवतः कोई कर्मचारी था , कोई कार्यकर्ता नहीं था। बेचारा कर्मचारी हमारी जिज्ञासाओं का शमन नहीं कर सकता था।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुझे आश्चर्य हुआ जब भाजपा के प्रदेश कार्यालय से मुझे फोन आया और आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम से संबंधित योजना में प्रतिभाग करने के लिए कहा। आश्चर्य इस लिए हुआ कि पिछले लगभग 10 -12 वर्ष से भाजपा के प्रदेश कार्यालय से कोई संपर्क किया गया । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से तो खूब परिचय है लेकिन कभी किसी प्रदेश पदाधिकारी ने भी हाल चाल जानने के लिए फोन भी नहीं किया। अचानक इतने लंबे समय बाद किसी कार्य के लिए याद किए जाने से आश्चर्य होना स्वाभाविक है। मैनें स्वयं फोनकर्ता से पूछा कि इतने लंबे समय बाद कैसे हमारी फाइल खुल गई? उसने पूछा कि आप पूर्व विधायक नहीं हो? मैने कहा कि पूर्व विधायक भी हूं और पूर्व मंत्री भी हूं लेकिन अचानक हमारी याद कैसे आ गई इससे लिए पूछ रहा हूं कि किसे और क्यों हमारी याद आ गई? फोन करने वाला संभवतः कोई कर्मचारी था , कोई कार्यकर्ता नहीं था। बेचारा कर्मचारी हमारी जिज्ञासाओं का शमन नहीं कर सकता था।

अब मुझे राजनीति में कोई रुचि नहीं रह गई है। मेरे पास अपने प्रोजेक्ट हैं और उनके लिए काम करने का मन भी है और रुचि भी है। स्वयं अटल बिहारी वाजपेई जी कहते थे कि सभी कार्यकताओं को राजनीति के अलावा सेवा का भी कोई न कोई कार्य अवश्य करना चाहिए। उसी प्रेरणा से मैं हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय और महर्षि दयानंद विद्यापीठ में व्यस्त हूं। मुझे इन दोनों कार्यों में आनंद आता है । मुझे लगता है कि राजनीति में रहते जो सेवा के अवसर थे, आज उससे बेहतर अवसर मेरे लिए हैं। राजनीति में तो प्रतिदिन किसी न किसी को हमसे नाराजगी होती थी । जिसका काम नहीं होता था, वही नाराज होता था। कोई इस बात को समझने को तैयार नहीं होता था कि उसका काम गलत है इसलिए होना संभव नहीं है। आज ऐसे अपयश से सर्वथा मुक्त हूं । राजनीति में तो हमारे लिए किसी को नौकरी देना संभव नहीं था लेकिन अब पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों में से प्रतिवर्ष 15-20 बच्चे प्रतिवर्ष सिपाही से लेकर पीसीएस तक की नौकरी पाते हैं और हमें प्रसन्नता होती है क्योंकि उनकी इस सफलता में तिनके जितना सहारा हमारा भी होता है। महर्षि दयानंद विद्यापीठ में तो 4000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके संचालन में 130से अधिक लोग लगे हैं ।महानगर में उन परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का गुरुत्तर दायित्व के निर्वाह में हमारा योगदान हो रहा है। यह किसी भी अर्थों में बहुत महत्वपूर्ण सेवा है। इन दोनों कार्यों में मै न केवल संतुष्ट हूं बल्कि आनंद की अनुभूति होती है। अपने जीवन की सार्थकता प्रत्यक्ष दिखाई देती है। राजनीति ऊपर से जितनी आकर्षक दिखती है अंदर से उतनी सुंदर नहीं है। वहां पाखंड ज्यादा है। भौकाल ज्यादा है। कार्य करने की उतनी स्वतंत्रता नहीं है । सरकारी नियमों में रहकर काम करना पड़ता है। जो नियमों की धज्जी उड़ाकर काम करते हैं वे प्रशंसा पाते हैं और जो नियमों में रहकर कार्य करते हैं उनकी निंदा होती है। अपेक्षाएं ज्यादा हैं और कार्य करने के अवसर सीमित हैं । हर सरकारी काम का क्रियान्वयन सरकारी अधिकारी को करना होता है और जनप्रतिनिधि की स्थिति केवल संतुति की ही रहती है , इसलिए अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता । परिणाम स्वरूप निराशा हाथ लगती है।

**राजनीति ऊपर से जितनी आकर्षक दिखती है अंदर से उतनी सुंदर नहीं है। वहां पाखंड ज्यादा है। भौकाल ज्यादा है। कार्य करने की उतनी स्वतंत्रता नहीं है । सरकारी नियमों में रहकर काम करना पड़ता है। जो नियमों की धज्जी उड़ाकर काम करते हैं वे प्रशंसा पाते हैं और जो नियमों में रहकर कार्य करते हैं उनकी निंदा होती है।**

कहने को लोकतंत्र है लेकिन लोकतंत्र जिन संस्थाओं के माध्यम से प्रकट होता है , वे संस्थाएं बोनी होती जा रही हैं। मुझे याद है कि जब हम विधायक थे तब कमसे कम वर्ष भर में 90 दिन विधानसभा के सत्र चलने की बात होती थी । अब तो वर्ष भर में 20 दिन भी सत्र नहीं चलते इसलिए प्रश्न पूछकर नौकरशाही को नाथना संभव ही नहीं है। हां अगर कोई लूटना चाहता है तो वह वह ले देकर अवसर बना लेता है। और जो ईमानदारी से कुछ करना चाहता है तो उसे निराशा ही हाथ लगती है। राजनीति में बड़े बदलाव हुए हैं। भाजपा में भी वे बदलाव दिखते हैं। भाजपा हमारे लिए भी नई सी लगती है।

**मुझे याद है कि जब हम विधायक थे तब कमसे कम वर्ष भर में 90 दिन विधानसभा के सत्र चलने की बात होती थी । अब तो वर्ष भर में 20 दिन भी सत्र नहीं चलते इसलिए प्रश्न पूछकर नौकरशाही को नाथना संभव ही नहीं है। हां अगर कोई लूटना चाहता है तो वह वह ले देकर अवसर बना लेता है।**

## पूजन-अर्चन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष तथा जेकेजी इंटरनेश्रल स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ ने पूजन अर्चन किया। इस हवन पूजन में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया और आहुती प्रदान की। सभी ने भगवा परशुराम जन्मोत्सव के असर पर आयोजित हवन पूजन में सम्पूर्ण विश्व के कल्याण और विश्व शांति की कामना की।**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Sanwariya Anil Agarwal is with Mayank Goel and 31 others.
21h

आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद की "प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जांच समिति" के सभापति एवं विधान परिषद के सदस्य श्री दिनेश गोयल जी , विधायक श्री विजय बहादुर पाठक जी, विधायक श्री अश्वनी त्यागी जी, विधायक श्री जितेंद्र सेंगर जी, विधायक डॉ रतनपाल सिंह जी एवं मथुरा स्थित वृन्दावन धाम में समिति के माननीय सदस्य गण के साथ "श्री बाँके बिहारी जी मंदिर" में दर्शन किये। तथा साथ ही श्री अरुण अग्रवाल जी (शांति गोपाल हॉस्पिटल) एवं उनके परिवार द्वारा वृंदावन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में जाने का आपसे प्राप्त हुआ।
#anilsanwariya #BJPUttarPradesh #BJPGovernment
#pavanchintadhara

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक अद्भुत आस्था और भक्ति का संगम मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में देखने को मिला। जब भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया, एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी अश्विनी त्यागी, एमएलसी विजय बहादुर पाठक , एमएलसी जितेंद्र सेंगर, एमएलसी रतनपाल सिंह ने एक साथ पूजन अर्चन किया। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने इस पल पर फेसबुक पोस्ट से साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

